●वर्ष : 16 ●अंक : 183 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

नूना न्यूज एजेंसी



**गढ़चिरौली मुठभेड।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार (21 अक्टूबर) को पुलिस मुठभेड़ में कम से कम चार नक्सली मारे गए, एक अधिकारी ने बताया। मुठभेड़ छत्तीसगढ़ की सीमा के पास महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में स्थित भामरागढ़ तहसील के कोपरी जंगल में हुई। अधिकारी ने बताया कि गढ़चिरौली पुलिस की सी60 कमांडो टीम और सीआरपीएफ की टीम ने अभियान चलाया। नक्सल विरोधी पुलिस दल अभियान में लगे हुए हैं और शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि चार नक्सली मारे गए हैं, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। खुफिया एजेंसियों ने पुलिस को इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में सचेत किया था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोपरी भामरागढ़ का आखिरी जंगली इलाका है। इस खुफिया सूचना के आधार पर जंगल में पुलिस अभियान चलाया गया। अभियान को तेज करने के लिए विशेष नक्सल विरोधी बल सी60 पुलिस दस्ते को 60 कर्मियों के साथ मजबूत किया गया है।

### ›› नक्सली दंपत्ति ने किया आत्मसमर्पण

इससे पहले, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 8 लाख रुपये के इनामी नक्सल दंपत्ति ने आत्मसमर्पण किया था। पुलिस अधिकारी ने उनकी पहचान असिन राजाराम कुमार (37) उर्फ अनिल और उसकी पत्नी अंजू सुल्या जाले (28) उर्फ सोनिया के रूप में की है।

असिन राजाराम कुमार ओडिशा में माओवादियों की प्रेस टीम का 'एरिया कमेटी सदस्य' था। अधिकारी ने कहा कि वह हरियाणा के नरवाना का निवासी है और फर्जी पहचान के साथ हिमाचल प्रदेश में शिमला के पास एक इलाके में रह रहा था। गढ़चिरौली का निवासी जाले भी पूर्वी राज्य में उसी प्रेस टीम का हिस्सा था और हिमाचल प्रदेश में रह रहा था। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडगे ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे राहुल एम खडगे को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।

SYED ZAKI HAIDER

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802


EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा सीट छोड़ी

## गांदरबल सीट से विधायक बने रहेंगे

नूना न्यूज एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा सीट खाली कर दी है और गंदेरबल निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखने का फैसला किया है, प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने सोमवार को सदन में घोषणा की। अब्दुल्ला ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में दोनों सीटें जीती थीं।



**›› मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा सीट छोड़ी**

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा सीट छोड़ दी है और वह गांदरबल निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बने रहेंगे। प्रोटेम स्पीकर(अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष) मुबारक गुल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उमर अब्दुल्ला ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव में दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। गांदरबल सीट अब्दुल्ला परिवार का गढ़ मानी जाती है। अब्दुल्ला ने जम्मू और कश्मीर चुनावों में जिन दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा था, उनमें से एक बडगाम में विधानसभा चुनाव में भी जीत दर्ज की थी। चुनाव आयोग के अपडेट के अनुसार, अब्दुल्ला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के आगा सैयद मुंतज़िर मेहदी को 18,485 मतों के अंतर से हराया। 13 राउंड की मतगणना के समापन के बाद उमर अब्दुल्ला को बडगाम निर्वाचन क्षेत्र से विजेता घोषित किया गया। उन्हें मेहदी के 17,525 मतों के मुकाबले 36,010 मत मिले। इसके साथ ही 95 सदस्यीय सदन (जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल द्वारा मनोनीत किए जाने वाले पांच सदस्य) में नेशनल कॉन्फ्रेंस की ताकत घटकर 41 रह गई है, लेकिन पार्टी को अभी भी छह कांग्रेस विधायकों, पांच निर्दलीय और आम आदमी पार्टी (आप) और सीपीआई (एम) के एक-एक विधायक के समर्थन से आरामदायक बहुमत प्राप्त है।

# बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र

## बन रहा है चक्रवाती तूफान, ओडिशा में हाई अलर्ट

नूना न्यूज एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान दाना बनने की संभावना है और ओडिशा के तटीय क्षेत्र में 25 अक्टूबर तक भारी वर्षा होने की संभावना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सोमवार को अंडमान सागर के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण कम दबाव के क्षेत्र में तेज हो गया और 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। अब अंडमान सागर के ऊपर बना हवा का चक्रवात (साइक्लोनिक सकुर्लेशन) सोमवार को निम्न दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया और इसके 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है, जिसका प्रभाव ओडिशा और पश्चिम बंगाल में हो सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने एक विशेष संदेश में बताया कि रविवार को उत्तरी अंडमान सागर और उससे सटे बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने ह्यसाइक्लोनिक सकुर्लेशन ने बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य क्षेत्र में और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना दिया है। विभाग ने कहा, इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 22 अक्टूबर की सुबह तक तीव्र होकर दबाव के रूप में परिवर्तित होने तथा 23 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की प्रबल आशंका है। विभाग ने कहा कि इस तूफान के उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने तथा 24 अक्टूबर की सुबह तक ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों के पास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में पहुंचने की अत्यधिक आशंका है। आईएमडी ने मछुआरों को सोमवार शाम तक किनारे पर लौट आने की सलाह दी है। भुवनेश्वर के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि आईएमडी ने अभी तक चक्रवात के संभावित स्थान का खुलासा नहीं किया है, हालांकि इसके संभावित मार्ग का ग्राफ़िक जारी किया गया है, जिससे संकेत मिलता है एक गंभीर चक्रवाती तूफान उत्तरी ओडिशा तट को प्रभावित कर सकता है।

## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार, 22 अक्टूबर को यहां के विज्ञान भवन में 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी। एक सरकारी विज्ञप्ति में आज इसकी जानकारी दी गई। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 14 अक्टूबर 2024 को 09 श्रेणियों और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 के लिए संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की थी।

### उड़ी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश, एक आतंकी ढेर

**बारामुला।** बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिये आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है।

### टीएमसी ने जारी की 6 उम्मीदवारों की सूची

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ पार्टी ने अगले महीने होने वाले विधानसभा उपचुनावों को लेकर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की है। उनमें कूच बिहार जिले में सीताई, अलीपुरद्वार जिले में मदारीहाट, उत्तर 24 परगना में नैहाटी और हरोआ, पश्चिम मिदनापुर जिले में मेदिनीपुर और बांकुरा जिले में तालडांगरा शामिल हैं। टीएमसी ने उपचुनाव के लिए सिताई से संगीता रॉय को, मदारीहाट (अनुसूचित जाति) सीट से जय प्रकाश तोप्पो को, तालडांगरा से फाल्गुनी सिंघाबाबू, मेदिनीपुर से सुजॉय हाजरा, हरोआ से शेख रबिउल इस्लाम और नैहाटी से सनत डे को टिकट दिया है।

## बीजापुर के गंगालूर में एनआईए का छापा

# महिला समेत 2 नक्सल सहयोगी हिरासत में, मोबाइल व दस्तावेज जब्त

.........., जगदलपुर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ में नक्सल समर्थकों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित गंगालूर पुलिस थाना क्षेत्र के पालनार गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान चलाया। एनआईए ने इस कार्रवाई के तहत एक महिला सहित दो नक्सल सहयोगियों को हिरासत में लिया है। छापे के दौरान जांच एजेंसी ने कई मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। यह कार्रवाई उस मामले से संबंधित है जिसमें आरोपी दिनेश ताती को जून 2023 में बीजापुर स्थित एक ट्रैक्टर शोरूम से दस लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था।

**एनआईए की छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त:** जांच एजेंसी ने इस गांव से कई मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। इन सबूतों को जांच के लिए भेजा गया है, ताकि नक्सलियों और उनके समर्थकों के बीच वित्तीय संबंधों की जांच पड़ताल की जा सके। एनआईए ने 20 अप्रैल 2024 को स्थानीय पुलिस से यह मामला अपने हाथ में लिया था और तब से ही वे नक्सल समर्थकों तथा नक्सल संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

**एनआईए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों कर चुकी है छापेमारी:** इस क्रम में एनआईए ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, जैसे नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा में कई स्थानों पर छापेमारी की है। इन छापों का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों को बाहरी समर्थन देने वाले ऐसे समर्थकों को पकड़ना है जो नक्सलियों को धन, सामग्री और अन्य सहायता प्रदान करते हैं। एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों को बाहर से सहायता पहुंचाने वाले समर्थकों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि नक्सल संगठनों की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके और नक्सलवाद पर अंकुश लगाया जा सके।

### मानसून की विदाई के बाद भी बारिश का अलर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई के बावजूद बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अरब सागर में रहे निम्न दाब के क्षेत्र की वजह से नमी का प्रवेश हो रहा है। इसकी वजह से प्रदेश में एक दो-स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं, जबकि एक दो-स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी बारिश की संभावनाएं बन रही हैं। साथ ही राजधानी में दिनभर बादल आंशिक रूप से छाए रहने के संकेत हैं, जबकि शाम-रात तक गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावनाएं बन रही हैं। वहीं, वर्षा का क्षेत्र प्रमुखत: दक्षिणी छत्तीसगढ़ रहने के आसार हैं, जबकि रायपुर व दुर्ग संभाग में भी एक दो स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। इसी बीच शनिवार को राजधानी में मौसम आंशिक रूप से मेघमय रहा और उमस की वजह से लोगों को गर्मी में परेशान होना पड़ा वहीं, प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा तीन सेमी कांकेर के नरहरपुर ब्लॉक में दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 35 .1 डिग्री सेल्सियस दंतेवाड़ा में, जबकि न्यूनतम तापमान 18 .4 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर अंडमान सागर के ऊपर 20 अक्टूबर को बनने की संभावना है, इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 22 अक्टूबर को बनने की संभावना है।

## मैसूर मंजूनाथ बने संस्कार भारती के अ. भा. अध्यक्ष



**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक संगीतज्ञ प्रोफेसर डॉ मैसूर मंजूनाथ तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित अध्यक्ष ने ऑनलाइन घोषणा की कि मुंबई के प्रसिद्ध अभिनेता-निर्देशक नीतीश भारद्वाज, रांची के कला विशेषज्ञ हेमलता एस मोहन, जयपुर के वरिष्ठ संस्कृति कर्मी डॉ रवींद्र भारती अब संस्कार भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष होंगे। जयपुर के प्रसिद्ध सुरबहार वादक डॉ अश्विन दलवी अखिल भारतीय महामंत्री होंगे।

## 20 भारतीय विमानों को धमकी मिलने का सिलसिला जारी

# एक बार फिर विमानों में बम की धमकी, आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय, उतारी गईं फ्लाइट्स

एजेंसी, नई दिल्ली

देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई। इसे लेकर एयरलाइंस ने आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया। धमकी मिलने के बाद कई विमानों की आपात लैंडिंग कराई गई। अकासा और विस्तारा एयरलाइंस के प्रवक्ताओं ने बताया कि फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई।



इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6E 58 जेद्दा से मुंबई, 6E87 कोझिकोड से दम्मम, 6E11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6E17 मुंबई से इस्तांबुल, 6E133 पुणे से जोधपुर और 6E112 गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं। वहीं विस्तारा एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि छह उड़ानों यूके25 दिल्ली से फ्रैंकफर्ट, यूके106 सिंगापुर से मुंबई, यूके146 बाली से दिल्ली, यूके116 सिंगापुर से दिल्ली, यूके110 सिंगापुर से पुणे और यूके107 मुंबई से सिंगापुर फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई गईं।

इसके अलावा अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि उसकी कुछ उड़ानों को रविवार को सुरक्षा अलर्ट मिले। इसके बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने स्थिति की निगरानी की। साथ ही सुरक्षा अधिकारियों से संपर्क किया। वहीं एयर इंडिया की कम से कम छह उड़ानों में बम होने की धमकी मिली।

# दिल्ली के रोहिणी में हुए विस्फोट की जांच में एनआईए टीम भी जुटी

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी जिले के प्रशांत विहार इलाके में स्थित सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह धमाके से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू की। मौके पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), डॉग स्क्वाड, बम स्क्वाड और आईजीएल की टीम पहुंची हैं। एनएसजी ने सीआरपीएफ स्कूल के आसपास तलाशी अभियान चलाया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक स्थानीय पुलिस की टीम ने आसपास के क्षेत्र को घेर लिया है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जांच की जा रही है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

**■ धमाके से लोगों में दहशत का माहौल**

# राजस्थान: तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में मारी टक्कर, 12 लोगों की मौत

एजेंसी, धौलपुर

धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में टक्कर मार दी जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में टेम्पो चालक घायल है, उसे धौलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में शादी समारोह में गए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे शामिल थे। देर रात सभी टेम्पो में सवार होकर बाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। पुलिस ने टेम्पो सवार घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया।

**■ मृतकों में आठ बच्चे और तीन महिलाएं**

## लिथुआनिया के हेनरिक्स को मिला दिव्य संदेश और ईसाई मत छोड़ा

# सपने में हुए श्रीकृष्ण के दर्शन, काशी आकर अपनाया सनातन धर्म

एजेंसी, काशी

काशी, जिसे विश्व की सबसे प्राचीन नगरी के रूप में जाना जाता है, न केवल धार्मिक तीर्थयात्रियों का प्रमुख स्थल है, बल्कि विभिन्न धर्मों के प्रति गहरी आस्था रखने वालों के लिए भी एक पवित्र स्थान है। यहां की आध्यात्मिकता और संस्कृति इतनी गहरी है कि यह दुनिया भर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया, जब लिथुआनिया निवासी हेनरिक्स ने ईसाई मत को छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया।



हेनरिक्स का सनातन धर्म से जुड़ने का सफर तब शुरू हुआ जब वे एक सड़क दुर्घटना का शिकार हुए। इस दुर्घटना में घायल होने के दौरान जब उनकी आंखें बंद हुईं, तो उन्होंने सपने में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। यह अनुभव उनके लिए एक दिव्य संदेश के समान था, जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। श्रीकृष्ण के दर्शन ने उनके मन में सनातन धर्म के प्रति एक गहरी रुचि और लगाव पैदा कर दिया। यह सपना उनके लिए इतना महत्वपूर्ण था कि उसी पल हेनरिक सनातन धर्म की ओर रुख करने का निर्णय लिया।

भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य दर्शन के बाद हेनरिक्स ने गहराई से सनातन धर्म के बारे में जानने की कोशिश की। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का अध्ययन शुरू किया, जो उनके आध्यात्मिक जागरण का पहला कदम बना। गीता के विचार और दर्शन ने हेनरीक्स को सनातन धर्म की जड़ों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उनकी आस्था इतनी प्रबल हो गई कि वे इस धर्म को पूरी तरह से अपनाने के लिए भारत आ गए।

### नाम मिला केशव, गोत्र हुआ कश्यप

हेनरिक्स की यह यात्रा उन्हें काशी, ब्रह्म निवास स्थित मठ तक ले आई, जहां उन्होंने विधि-विधान से सनातन धर्म को स्वीकार किया। अखिल भारतीय संत समिति, काशी विद्वत परिषद, और विश्व हिंदू परिषद के विद्वानों की उपस्थिति में उन्होंने ईसाई धर्म को त्यागकर सनातन धर्म की शरण ली। धर्म परिवर्तन के दौरान उन्होंने सनातन धर्म के नियमों और परंपराओं का पूर्ण रूप से पालन किया। उनके इस परिवर्तन के साथ ही उनका नाम हेनरिक्स से बदलकर 'केशव' रख दिया गया और उन्हें कश्यप गोत्र से जोड़ा गया। इसके बाद उन्होंने माथे पर त्रिपुंड लगाया, जो उनके सनातन धर्म में गहरे आस्था और समर्पण का प्रतीक बना। सनातन धर्म अपनाने के बाद केशव ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे अब इस धर्म की गहराई में जाकर ईश्वर को प्राप्त करना चाहते हैं।

## बच्चा पालकों को सौंपा गया

# 'क्राइम पेट्रोल' की अभिनेत्री बच्चे के अपहरण मामले में गिरफ्तार

एजेंसी, मुंबई

टीवी सीरियल 'क्राइम पेट्रोल' की अभिनेत्री शबरीन को पुलिस ने रविवार को तीन साल के बच्चे के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन साल के बच्चे को पालघर जिले के नायगांव स्थित एक फ्लैट से छुड़ा कर उसके पालकों को सौंप दिया है। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी जयराज रनवने ने बताया कि शबरीन की गिरफ्तारी मामले की पूरी तरह छानबीन के बाद की गई है। इस मामले में शबरीन के प्रेमी ब्रिजेश सिंह की बच्चे के अपहरण में संलिप्तता की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार अभिनेत्री शबरीन का कई वर्षों से ब्रिजेश सिंह से प्रेम संबंध है लेकिन इन दोनों के विवाह को ब्रिजेश परिवार वालों से मंजूरी नहीं मिल पा रही थी। शबरीन और ब्रिजेश सिंह के प्रेम संबंध की बजह से शबरीन का ब्रिजेश के परिवार में पहले से ही आना-जाना होते रहता था।



CMYK

# रोटरी क्लब हसनपुर द्वारा 50 वर्ष पूर्ण होने पर गोल्डन जुबली वर्ष मनाया

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** सोमवार को नगर की अग्रणी समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब हसनपुर द्वारा क्लब के 50 वर्ष पूर्ण होने पर गोल्डन जुबली वर्ष मैथिली गार्डन हसनपुर में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुरादाबाद से रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की गवर्नर महोदया दीपा खन्ना की उपस्थिति रही, साथ में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट नितिन अग्रवाल, निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक गुप्ता समेत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 के पूर्व गवर्नर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदे मातरम तथा दीप प्रज्वलित करने के पश्चात प्रेसिडेंट रोटेरियन संतोष अग्रवाल को कॉलर पहनकर किया गया, तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपा खन्ना द्वारा नवगठित टीम को शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात फाउंडर प्रेसिडेंट रोटेरियन अभय आनंद रस्तोगी जी को याद किया गया, तथा 50 वर्ष पूरे होने पर केक काटकर क्लब सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब हसनपुर आने वाले समय में समाज सेवा में नए-नए आयाम छूएगा तथा क्लब की ओर से यथा संभव आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक मदद पहुंचाई जाएगी, क्लब सचिव प्रदीप अग्रवाल द्वारा वर्ष की रिपोर्ट सौंपी गई, जिसमें उन्होंने वृक्षारोपण, टीचर्स डे, डॉक्टरस को सम्मान जैसे अनेको कार्य पटल पर रखे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान अध्यक्ष एवं जोनल असिस्टेंट गवर्नर अर्पण गुप्ता ने किया,अर्पण गुप्ता ने बताया की वर्ष के अंत तक अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब 50 सामाजिक रूप से कमजोर महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन देगा, तथा 50 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की 1 वर्ष की शिक्षा का भार क्लब वहन करेगा। रोटरी एवं वोश की पार्टनरशिप से एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर हसनपुर में खोला जाएगा जिसमें 3 महीने के लिए बच्चों को ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी जिसमें प्रथम चरण में 50 बच्चों को जो स्कूल ड्रॉप कर चुके हो ट्रेनिंग देकर उनको जॉब दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। फाउंडेशन की मदद से एक स्कूल का गोद लेकर कायाकल्प किया जाएगा। 50 मोतियाबिंद के ऑपरेशन क्लब वर्ष के अंत तक निशुल्क कराएगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा के क्षेत्र में क्लब हर संभव प्रयास करेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से क्लब की ओर से अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अर्पण गुप्ता, क्लब सचिव प्रदीप अग्रवाल, ईश्वर चंद्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल एडवोकेट, सत्येंद्र त्यागी, चंद्रसेन अग्रवाल, अशोक आर्य, आशुतोष अग्रवाल, जोगिंदर चावला, योगेश चौहान, अभिषेक अग्रवाल, अमित गर्ग, सुनील अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सचिन कंसल, अंकित गुप्ता, सागर अग्रवाल, अंकित गर्ग, दीपक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अमित आनंद, अंजलि रस्तोगी, अरविंद कुमार गुप्ता एडवोकेट, ज्योत्सना गुप्ता, दिव्या गुप्ता, डोली अग्रवाल, प्रभा आर्य, विनय गुप्ता,उमा गुप्ता, खुशबू गुप्ता, शिखा त्यागी, अंशु अग्रवाल, पारुल गुप्ता, नीतू कंसल, नैना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता, कृष्णतार अग्रवाल, अंशिका गुप्ता एवं व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, पंकज भटनागर, राजीव अग्रवाल एवं एस एस वाले आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डी एम ने ट्रैक्टर पर बैठकर लिया मेला की व्यवस्थाओं का जायजा, रोड निर्माण की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**अमरोहा।** सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आगामी गंगा मेला की तैयारी का मौके पर जाकर जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ट्रैक्टर में बैठकर पूरे मेला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की स्थिति को जाना । जिलाधिकारी ने कहा कि मेला भव्य और दिव्य होगा सभी अधिकारी हर हाल में 2 नंबर तक सभी तैयारियां कर लें। श्रद्धालुओं के आने पर कोई भी अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं दी जाएगी इसके लिए सभी अधिकारी गंभीरता के साथ लगकर काम करें। रोड निर्माण, टिन फेंसिंग, मचान, वैरिकेडिंग की धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 2 नम्बर तक अधिक से अधिक मजदूर लगाकर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा की 30 नम्बर को पुनः निरीक्षण किया जाएगा अधिक से अधिक काम दिखना चाहिए सभी प्रभारी अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें । जिलाधिकारी ने गहराई वाले स्थलों में वल्लियों को लगाए जाने, शौचालय, पेयजल मचान, प्रकाश, घाट निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में एक-एक करके सभी प्रभारी अधिकारियों से जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए, और कहा कि रोड का निर्माण और टिन फेंसिंग हो जाने के बाद ही बहुत सी व्यवस्थाएं की जा सकेंगी इसलिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी कार्य मे तेजी लाएं । जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में अधिक से अधिक शौचालय बनाए जाएं मेले में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए ।अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में जल की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए इसके लिए अधिक से अधिक नल लगाया जाए जल निगम के कार्य में धीमी प्रगति पर कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों में प्रकाश की व्यवस्था अच्छी हो साथ ही प्रत्येक घाट का नाम अलग-अलग हो। घाट अधिक से अधिक बनाया जाए ताकि किसी भी श्रद्धालु को स्नान करने में परेशानी ना हो ।और वहां पर रेडियम युक्त प्रत्येक घाट पर अलग अलग साइनेज लगाया जाए। इसी प्रकार प्रत्येक सेक्टर में भी साइनेज लगे होना चाहिए ताकि लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को निर्देशित करते हुए कहा कि बोट की व्यवस्था अधिक से अधिक कर ली जाए। गहरे स्थल वाले जगह पर बल्लियां गाड़कर वहां साइनेज लगाया जाए। जो गहराई वाले स्थल हैं व कटान वाले स्थलों पर उनको पहले से चिन्हित कर लें । जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिया। सभी अधिकारी गंभीरता के साथ लगकर हर हाल में मेला की पूरी तैयारी को अंतिम रूप दें । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलधिकारी न्यायिक माशंकर यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि जिला कृषि अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित मेले से संबंधित सभी प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# सहायक अध्यापक एवं आंगनवाड़ी को परिजनों ने पकड़ा आपत्तिजनक स्थिति में

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी सहायक अध्यापक अपनी दुकान में आंगनवाड़ी महिला के साथ रंगरलियां मनाते हुए पकड़ा गया, बताया जा रहा है कि सहायक अध्यापक के परिजनों ने आंगनवाड़ी तथा सहायक अध्यापक को दुकान में रंगरेलियां मनाते हुए आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था, अध्यापक के परिजनों ने दोनों की जमकर पिटाई की तथा मामला बढ़ता देख सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, तथा पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई जहां पर पुलिस ने आंगनवाड़ी महिला के परिजनों को बुलाकर सौंप दिया, तथा सहायक अध्यापक को भी बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया, यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है तथा लोग एक दूसरे को फोन करके जानने की कोशिश कर रहे हैं कि मामला कौन से गांव का है '






**>> नगर निगम द्वारा लगभग 8 करोड़ रुपये की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त**

लखनऊ इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त व पंकज श्रीवास्तव अपर नगर आयुक्त के आदेश पे संजय यादव प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति एवं तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देश के क्रम में ग्राम-सदरौना, तहसील-सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-406 क्षेत्रफल-0.290 हे0 राजस्व अभिलेखों में बंजर रूप में दर्ज भूमि पर अतिक्रमणकताओं द्वारा प्लांटिग कर किये गये अवैध कब्जों को नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के नेतृत्व में लेखपाल अजीत तिवारी व अनुपम कुमार की उपस्थिति में क्षेत्रीय पुलिस बल/पी0ए0सी0 के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से 31,215 वर्गफुट भूमि से दिनांक 21.10.2024 को कब्जा हटवा दिया गया। मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग रू0- 08 करोड़ होगी।

# केजीएमयू में नहीं होने देंगे संसाधनों की कमी -उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश




**(कौशल रस्तोगी)** आज किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेडियोथेरेपी विभाग में प्रशामक देखभाल इकाई द्वारा सतत चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि कुलपति केजीएमयू प्रो सोनिया नित्यानंद रही। मुख्य अतिथि ने कहा की केजीएमयू द्वाराअपनी प्रतिष्ठा एवं परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है। राज्य सरकार केजीएमयू के कार्यों से प्रसन्न है एवं हरसंभव सहयोग चाहे वित्तीय हो अथवा प्रशासनिक, केजीएमयू को प्रदत्त करने हेतु कटिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि ने संबोधन में केजीएमयू राज्य सरकार एवं उपमुख्यमंत्री का बहुत आभार व्यक्त किया,उनके प्रयासों के कारण ही हमें अपने एक्सटेंशन के लिए जमीन प्राप्त हो पाई है। शीघ्र ही रेडियोथेरेपी विभाग में एक नया लीनियर एक्सीलरेटर लगाया जाएगा। प्रो राजेंद्र कुमार - जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से वर्ष 2016 में palliative care project की शुरूआत हुई। 5 साल की समयावधि पूरी होने के बाद cipla फाउंडेशन द्वारा इसे चलाया जा रहा है। 21000 रोगियों को चिकित्सा सेवा देने के साथ साथ सैंकड़ों रोगियों को मानसिक चिकित्सा, पोषण सुविधा, घाव की देखभाल, सांस और खाने की नली लगवाने में सहायता उपलब्ध कराई जाती है। प्रो शालीन कुमार ने कहा बड़ा मुश्किल है मरीज के आखिरी समय की देखभाल। हमारे देश में इच्छामृत्यु कानून नहीं है। किन्तु जिन रोगियों में जीवन की संभावना शून्य है उनका उपचार बेहद चुनौतियों से भरा है। तीमारदार से मृत्यु की संभावना की सूचना साझा करते हुए मार्मिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

प्रो संजय धीराज - नारकोटिक्स की दवाएं जैसे अफीम इस प्रकार के रोगियों को उपलब्ध कराई जाती हैं। इसे 2.5 से 5 मिलीग्राम से आरंभ किया जाता है। इसकी खुराक 6 गुना तक बढ़ाई जा सकती है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव कब्ज है। कार्यक्रम में प्रो विनीत शर्मा, प्रो अपजीत कौर, प्रो राजीव गुप्ता, प्रो अभिनव सोनकर, प्रो संदीप तिवारी, प्रो बीके ओझा, प्रो क्षितिज श्रीवास्तव, प्रो आनंद मिश्रा, प्रो पवित्र रस्तोगी एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन - प्रो सीमा गुप्ता,संचालन - प्रो सुधीर सिंह द्वारा किया गया।

# सीएम योगी ने बहुमंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव को दिये 1,380 करोड़





**लखनऊ, 21 अक्टूबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस अकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। सीएम योगी ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो पुलिस महानिदेशक के अधीन रहेगा। साथ ही इसका सम्मान प्रस्तावित कॉरपस नियमावली के तहत किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवगंत शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया।

**115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद पुलिस कर्मी, केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों तथा भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। वहीं जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों की सुख सुविधा के लिए 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए 4 करोड़, कार्यरत, सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण के लिए 30 लाख 56,000 रुपए की राशि दी गयी। इसी तरह पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12 करोड़ 60 लाख, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण के रूप में 5 करोड़ 5 लाख , जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों की सहायता के लिए 9 करोड़ 8 लाख रुपए, पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों द्वारा कराए गए कैशलेस उपचार के तहत 31 लाख 16 हजार रुपए, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि के माध्यम से 53 लाख 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया।

# एंटी करप्शन एवं विजिलेंस की कार्यवाही पर रोक लगाए जाने को लेकर लेखपाल संघ ने दिया ज्ञापन

लोकतंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**अमरोहा।** सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारी ने एंटी करप्शन एवं विजिलेंस टीम की कार्रवाई पर रोक लगाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा, ज्ञापन में कहा गया कि झूठी शिकायत एवं एंटी करप्शन एवं विजिलेंस की टीम की कार्रवाई लगातार बढ़ती जा रही है जिस पर रोक लगाई जानी जरूरी है, लेखपाल संघ के अधिकारियों ने बताया कि जनता की भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याओं से संबंधित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ग्रामीण आते हैं दो पक्षों में विवाद के निपटारे के बाद की गई कार्रवाई से एक पक्ष असंतुष्ट होता है तथा वह लेखपाल से दुश्मनी मानकर लेखपाल के विरुद्ध एंटी करप्शन जैसी टीमों को बुलाकर करवाई करवा देता है तथा लेखपालों की जेब में जबरदस्ती पैसे रख कर मौके पर एंटी करप्शन टीम को बुलाकर पकड़वाया जाता है, अतः लेखपाल संघ एंटी करप्शन एवं विजिलेंस की कार्यवाही पर रोक लगाई जाने की मांग की है, ज्ञापन देने वालों में मांगेराम शर्मा, दीपक, सचिन यादव, मोहित यादव, विकास यादव, हरीश कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# हसनपुर खण्ड विकास अधिकारी के ट्रांसफर को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डी एम को दिया ज्ञापन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**अमरोहा।** सोमवार को हसनपुर ब्लॉक प्रधान संघ के दर्जनों प्रधानों ने जिला अधिकारी अमरोहा को हसनपुर खंड विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी का स्थानांतरण किए जाने की मांग उठाई बताते चले की कई ग्राम प्रधानों संग अमरोहा कलेक्ट पर प्रधान संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह ने जिलाधिकारी को हसनपुर ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के खिलाफ ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि खंड विकास अधिकारी हसनपुर नीरज गर्ग का व्यवहार प्रधानों के प्रति सही नहीं है किसी भी बात का वह संतोषजनक जवाब नहीं देते तथा प्रधानों को सम्मान भी नहीं देते, विभिन्न अधिकारियों का डर दिखाकर तथा अपनी ऊपर तक पहुंच बाता कर प्रधानों का शोषण कर रहे हैं, ज्ञापन में बताया गया कि खंड विकास अधिकारी के व्यवहार के चलते प्रधान खुलकर विकास कार्य नहीं कर पा रहे हैं, दर्जनों की संख्या में पहुंचे प्रधानों ने हसनपुर खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग के स्थानांतरण की मांग उठाई है, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रधान संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह, नूर मोहम्मद, फरमान, आदि सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

# पुलिस ने बचाई घायल की जान



**लखनऊ।** डिवाइडर से टकराकर मोटरसाइकिल सवार को आया था कार्डियक अटैक मौके पे मौजूद पुलिसकर्मी द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार के रूप में दिया गया उढफ-इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराकर बचायी जान,समय करीब 09.00 बजे एक व्यक्ति अजय कुमार पुत्र भगवत स्वरूप उम्र करीब 45 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से अलका तिराहा की ओर से हजरतगंज चौराहा की ओर जा रहे थे कि अचानक से उनकी मोटरसाइकिल स्लिप हो गई जिससे वो डिवाइडर से टकरा गए और उनको कार्डियक अटैक आया, वहां पहले से मौजूद पुलिस कर्मियों की सूझबूझ से कांस्टेबल सूरज गुप्ता द्वारा प्राथमिक उपचार के रूप में उढफदिया गया, तत्पश्चात उपरोक्त व्यक्ति को सिविल हॉस्पिटल भर्ती करा कर, परिजनों को सूचित किया गया, अजय कुमार उपरोक्त पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। मौके पर एसीपी अरविंद वर्मा एवं चौकी प्रभारी उत्तरी म०उ०नि० शिवानी सिंह आदि मौजूद थे। परिजनों द्वारा लखनऊ पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# त्रेता युग का अनुभव कराएंगे संस्कृति विभाग के मंच

**अयोध्या, 21 अक्टूबरः** दीपोत्सव 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और रामनगरी अयोध्या में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष, दीपोत्सव का आठवां संस्करण पहले से भी अधिक भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को त्रेता युग के स्वरूप में ढालने का प्रयास जारी है, जिससे भगवान श्रीराम के समय की पवित्रता और आध्यात्मिकता का अनुभव कराया जा सके। राम की पैड़ी, जहां लाखों दीप जलाए जाएंगे, को विस्तार देने का काम चल रहा है और नगर को पूरी तरह से सजाया और संवारा जा रहा है।

**आधुनिक तकनीक से सुसज्जित मंच और भव्य प्रदर्शनी**

संस्कृति विभाग द्वारा दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें तीन बड़े और सात छोटे मंच शामिल हैं। इन मंचों पर आधुनिक तकनीक के सहारे त्रेता युग की झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। रामकथा पार्क में एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आधुनिक तकनीकी माध्यमों से जीवंत करेगी। इस प्रदर्शनी में श्रद्धालु त्रेता युग का अनुभव कर सकेंगे और रामायण के महत्वपूर्ण पलों को करीब से देख पाएंगे।

**मठ-मंदिरों की सजावट और सफाई का विशेष ध्यान**

दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या नगर निगम और संस्कृति विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। नगर निगम शहर की साफ-सफाई और पेंटिंग का कार्य कर रहा है, जबकि संस्कृति विभाग मठों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों को सजाने-संवारने में जुटा हुआ है। मठ-मंदिरों की सजावट के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और भव्य वातावरण का अनुभव हो।

**अयोध्या-लखनऊ मार्ग का नवीनीकरण**

इस वर्ष, दीपोत्सव से पहले अयोध्या को राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाले गोरखपुर-लखनऊ रोड को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। इस मार्ग पर रामायण से जुड़े प्रसंगों की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मार्ग के दोनों ओर रामायण के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को चित्रित करने की योजना बनाई गई है, जिससे दीपोत्सव की पवित्रता और महत्ता को बढ़ाया जा सके।

# योगी सरकार बना रही 'सुरक्षित स्नान' की ठोस कार्ययोजना




**प्रयागराज, 21 अक्टूबर।** महाकुंभ-2025 में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा को योगी सरकार सुनिश्चित करने जा रही है। विशेषकर संगम में डुबकी लगाकर पुण्य कमाने आने वाले एक भी श्रद्धालु के साथ अनहोनी न हो, इसके लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ठोस योजना पर काम कर रहे हैं। इन एजेंसियों के प्रशिक्षित जवान अत्याधुनिक उपकरणों के साथ गंगा, यमुना और संगम के घाटों व जल में तैनात रहेंगे। इस बार महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। विशेष तिथियों के अलावा भी महाकुंभ में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने आएंगे। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की जल में सुरक्षा की कार्ययोजना पर काम जारी है। यूपी एसडीआरएफ के कमांडेंट सतीश कुमार के अनुसार महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कार्ययोजना बनाई जा रही है। कहां, कितनी बटालियन और जवान काम करेंगे, उस पर मंथन जारी है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में घाटों और जल में जवानों को तैनात किया जाएगा। एसडीआरएफ से जुड़े एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जवानों को अंडर वाटर कैमरों व ड्रोन, स्पीड बोट्स, रेस्क्यू बोट्स, स्कूटर बोट्स, एंबुलेंस बोट्स, ड्रैगन लाइट के साथ तैनात किया जाएगा। सोनार सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। फ्लोटिंग जेटी की व्यवस्था की जाएगी। हर समय घाटों और जल में लाइफ ब्वाय रेस्क्यू ट्यूब और थ्रो बैग के साथ तैनात रहेंगे। अधिकारी ने बताया कि वाटर ड्रोन वहां तक भी पहुंच सकेंगे, जहां प्रशिक्षित गोताखोर नहीं पहुंच पाते हैं। नावों से संगम में भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं के लिए लाइफ सेविंग जैकेट पहनना अभी से अनिवार्य किया जा चुका है। जल पर तैरता कंट्रोल रूम स्थापित होगा, जिसमें क्विक रेस्क्यू टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी। किसी भी हादसे या दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए फ्लोटिंग स्टेशन्स पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। स्नान घाटों की संख्या बढ़ने और उनके विस्तार को देखते हुए डीप वॉटर बैरीकेडिंग भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस-प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के विशेष निर्देश दिए हैं। 'सुरक्षित महाकुंभ' का संकल्प लेकर योगी सरकार प्रत्येक योजना बना रही है, ताकि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु श्रेष्ठ अनुभव के साथ घरों को लौटें।

# आंध्रा,तेलंगाना, महाराष्ट्र,राजस्थान, दिल्ली भी टेरोकोटा के मुरीद



**गोरखपुर, 21 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्ष 2018 में टेराकोटा को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल किए जाने के बाद इससे जुड़े शिल्पकारों के दिन बहुर गए हैं। ओडीओपी में शामिल होने से पहले दम तोड़ रहे इस शिल्प की धूम अब पूरे देश में हुई है। शिल्पकारों के पास काम इतना कि दम लेने की फुर्सत नहीं। साल दर साल टेराकोटा उत्पादों की बढ़ रही मांग के बीच शिल्पकारों की कारोबारी दिवाली नवरात्र से पहले ही जगमग हो चुकी है। देश के अलग अलग राज्यों में करीब 30 ट्रक टेराकोटा उत्पादों की सप्लाई करने के बाद गोरखपुर के शिल्पकार दिवाली के लिए स्थानीय बाजार के लिए उत्पादों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। दशहरा और दिवाली को लेकर गोरखपुर के टेराकोटा उत्पादों की मांग में गत वर्ष की तुलना में दोगुनी वृद्धि हुई है। त्योहारी डिमांड की सप्लाई शिल्पकारों द्वारा नवरात्र के पहले ही की जा चुकी है। राष्ट्रीय पुरस्कार के सम्मानित टेराकोटा शिल्पकार राजन प्रजापति बताते हैं कि इस बार उन्होंने दशहरा और दिवाली को लेकर 15 ट्रक उत्पादों की सप्लाई हैदराबाद, अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, लखनऊ और राजस्थान के शहरों में की है। राजन ने पिछले साल 8 ट्रक टेराकोटा उत्पादों की आपूर्ति बाहरी राज्यों को की थी। राजन प्रजापति के अलावा पन्नेलाल प्रजापति ने 8 ट्रक, हरिओम आजाद ने 2 ट्रक, मोहनलाल व सोहनलाल प्रजापति ने 2 ट्रक और हीरालाल प्रजापति ने एक ट्रक उत्पादों की आपूर्ति की है। इन सभी के पास आए डिमांड नवरात्र और दशहरे के पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। गैर राज्यों को आपूर्ति के बाद अब सारा फोकस स्थानीय मार्केट के लिए उत्पाद तैयार करने पर टेराकोटा शिल्पकारों का कहना है कि अब वह दिवाली पर लोकल मार्केट की मांग के अनुरूप अपने उत्पादों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ओडीओपी में शामिल किए जाने के बाद लोकल मार्केट में भी टेराकोटा शिल्प की मांग दोगुनी से अधिक हो चुकी है।

# परिषदीय बच्चों में भारतीय इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के प्रति गर्व का बीजारोपण कर रही योगी सरकार

**21 अक्टूबर, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के समग्र शैक्षिक विकास के लिए एक अभिनव पहल की है। सरकार का उद्देश्य न केवल बच्चों को शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उनमें भारतीय इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना विकसित करना भी है। इसके लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों से 15,000 बच्चों का चयन कर उन्हें राज्य के ऐतिहासिक स्थलों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक जिले से 200 बच्चों को इसमें सम्मिलित किया गया है, जो मुख्य रूप से ग्रामीण और शहरी परिषदीय विद्यालयों के गरीब और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के हैं।

**भ्रमण का पूरा खर्च उठा रही योगी सरकार**

योगी सरकार इस योजना के अंतर्गत 75 लाख रुपये का व्यय कर रही है, जिसमें बच्चों की यात्रा के लिए भाड़े का खर्च, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था तथा आपातकालीन परिस्थितियों के लिए बजटीय प्रावधान शामिल हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके सामान्य शैक्षिक पाठ्यक्रम से इतर व्यावहारिक और ऐतिहासिक जानकारी देना है, ताकि वे भारतीय धरोहरों और ऐतिहासिक स्थलों को न केवल देखें बल्कि उनके महत्व को समझें और उनसे प्रेरणा लें।

**शुरू है यात्रा, बच्चों की सुरक्षा और संरक्षा का है पूरा ध्यान**

यह शैक्षिक भ्रमण 24 सितंबर से शुरू हुआ है और इसे बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आयोजित किया जा रहा है। हर 20 बच्चों के समूह के साथ एक शिक्षक अथवा शिक्षिका की जिम्मेदारी तय की गई है, जो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ भ्रमण के दौरान उन्हें ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ी जानकारी भी प्रदान करेंगे। प्रत्येक जनपद से 10 शिक्षकों को इस भ्रमण कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इन शिक्षकों को यह भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे बच्चों को भ्रमण के दौरान भारत के इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के प्रति जागरूक करें। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को इस योजना की निगरानी और सुचारू संचालन का दायित्व सौंपा गया है ताकि भ्रमण के दौरान बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यात्रा के दौरान बच्चों को सुरक्षा और संरक्षा के अलावा आवश्यक जानकारी और सहयोग प्रदान करने के लिए सभी प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधित उपाय किए गए हैं।




CMYK

# कुरुक्षेत्र

## हरियाणा रोडवेज में पक्की भर्ती व नई बसों को शामिल किया जाए : यूनियन



बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी।

कुरुक्षेत्र : हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजि. की मीटिंग यूनियन कार्यालय में राज्य महासचिव राजबीर सैनी की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन डिपो प्रधान नरेश सैनी और डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया। यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से नायब सिंह सैनी को दोबारा हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लगभग 25 हजार युवाओं को पक्की नौकरी देकर प्रदेश के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, इसके लिए भी वे मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। उन्होंने मांग की कि हरियाणा रोडवेज विभाग में भी पक्की भर्ती करके और नई बसों को विभाग में शामिल करके विभाग का बेड़ा मजबूत किया जाए। राज्य महासचिव राजबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अनुरोध किया कि हरियाणा रोडवेज जागृति मंच द्वारा पूर्व में दिए मांग पत्र की सभी 6 मांगों पर सरकार सकारात्मक कार्यवाही करे और हरियाणा राज्य परिवहन में कार्यरत चालक-परिचालक कर्मचारियों को उनके देय लाभों से लाभान्वित करे। इनमें मुख्य 6 मांगे परिचालक चालक पे ग्रेड, बकाया सारा बोनस, वर्दी जूता और धुलाई भत्ते में बढ़ोतरी, सेवानिवृत कर्मचारियों को पूर्व की भांति निःशुल्क यात्रा, आऊट सोर्सिंग पॉलिसी पार्ट -2 के तहत नियुक्त चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करना, चालक परिचालक कर्मचारियों को जोखिम भत्ता आदि को शीघ्र लागू किया जाए। मुख्यमंत्री को दीपावली के इस पावन त्यौहार पर हरियाणा राज्य परिवहन के कर्मचारियों को दिवाली बोनस देकर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य करना चाहिए क्योंकि पिछले लगभग 08 साल से कर्मचारियों को उनका देय बोनस नहीं मिला है।

## भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए : कैलाश चंद



यज्ञ में आहुति डालते यजमान।

दुग्गल, कुरुक्षेत्र : ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका श्री शिव शक्ति आश्रम में रविवार को मासिक यज्ञ का आयोजन किया गया। आश्रम संस्थापक एवं संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के सान्निध्य में मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रभारी कैलाश चंद सैनी मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम में एनआईटी के प्रो. डॉ. सत हंस, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल, समाज सेविका सरिता सैनी व लाभ सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य यजमान कैलाश चंद ने कहा कि यज्ञ हमारी संस्कृति है। यज्ञ द्वारा वातावरण शुद्ध होता है। संत हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि आज के समय में जब कहीं ना कहीं बच्चे राष्ट्रीय विचार या संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे समय में यज्ञ, शिक्षा,संस्कार और स्वास्थ्य आदि पहलुओं पर लगातार ध्यान देते रहना चाहिए। ताकि बच्चों में शुरू से ही संस्कार और संस्कृति जागृत की जा सके। वात्सल्य वाटिका में बच्चों की शिक्षा एवं संस्कार को लेकर उनमें जागरूकता लाई जाती है। यज्ञ हमारी गौरवशाली परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। साथ ही वातावरण शुद्धि और संस्कृति को भी मजबूत करने का माध्यम है। इस अवसर पर संत राजेंद्र सिंह, डॉ. माणिक, करनाल से श्रावणी, लाडवा से अनिल कुमार, गुलशन कुमार, ओमप्रकाश गेरा, रमेश धीमान और विद्यार्थी शामिल रहे।

## सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम छुएगा : खुराना



साक्षी खुराना।

लाडवा : लाडवा नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने कहा कि नायब सिंह सैनी द्वारा दूसरी बार मुख्यमंत्री बननने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम छुएगा। जनता का विश्वास भाजपा में बढ़ा है और जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की बयार बहेगी। नपा प्रधान एवं भाजपा नेत्री साक्षी खुराना रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि नायब सैनी ने अपने 56 दिन के कार्यकाल में ही जनता की भलाई के लिए अनेक फैसले लिए थे। जिनका पूरा लाभ जनता को मिला है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है, यह विकास की नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी और पूर्ण बहुमत की तीसरी बार बनी भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा व उत्साह के साथ सुशासन, समानता व गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत महिलाओं को दिया जा रहा 5 लाख रुपये तक ऋण: राजेश जोगपाल

कुरुक्षेत्र : उपायुक्त राजेश जोगपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मातृशक्ति उद्यमिता योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत 5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय तथा हरियाणा की स्थाई निवासी महिला योजना के लिए पात्र होंगी। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।

## नंबरदार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नायब सैनी के दोबारा सीएम बनने पर बांटे लड्डू



लाडवा में संजीव नम्बरदार के कार्यालय पर लड्डू बांटकर खुशी मनाते नम्बरदार। (डिम्पी)

लाडवा : नम्बरदार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने संजीव नम्बरदार गांव बड़ाचपुर के कार्यालय पर मुख्यमंत्री नायब सैनी के दोबारा से मुख्यमंत्री बनने पर व मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को मंत्री बनने पर बधाई दी व लड्डू बांटकर खुशी जताई। संजीव नम्बरदार ने कहा कि लाडवा के सीएम सिटी बनने पर पूरे लाडवा हल्के में खुशी की लहर है, लाडवा के साथ पूरे हरियाणा में विकास की गति सरकार में और तेज होगी। उन्होंने कहा कि बिना खर्ची-बिना पर्ची के 25 हजार युवाओं को नौकरी देने के सरकार के वायदा पूरा किया। अब लाडवा के होने वाले विकास का डंका पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में बजेगा। मौके पर प्रधान जंगशेर नंबरदार, सुभाष चंद नंबरदार, संजीव, ऋषि पाल, राजीव, दर्शन, राजबीर, जसबीर, कर्म सिंह, प्रवीन कुमार, पवन, प्रदीप, विक्की आदि मौजूद थे।

# श्री गुरु रामदास साहिब जी का जीवन भक्ति व सेवा भाव से रहा परिपूर्ण : बाबा बंता सिंह

## मानव जाति को गुरु साहिब से प्रेरित हो करनी चाहिए भक्ति व सेवा

### कनिष्ठ उपप्रधान व मैंबर साहिबान ने बाबा बंता सिंह का किया स्वागत





समागम में संगत का मार्गदर्शन करते अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक बाबा बंता सिंह तथा (दाएं) कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में हुए समागम में शिरकत करती संगत।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : धन-धन श्री गुरु रामदास साहिब जी महाराज का जीवन प्रेरणादायक है और मानव जाति को उनसे प्रेरित होकर भक्ति व सेवा करनी चाहिए। सेवा से बड़ी कोई भावना नहीं है, इससे अपने जीवन में तो व्यक्ति पुण्य कमाता है, वहीं दूसरों की जिंदगी में भी सुखमय पल ला सकता है। यह विचार पंथ प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक बाबा बंता सिंह (मुंडा पिंड) संप्रदाय बाबा बिंदी चंद जी ने प्रकट किए। वे कुरुक्षेत्र में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री गुरु रामदास साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा करवाए गए महान गुरमत समागम में संगत का मार्गदर्शन कर रहे थे। यह समागम संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध के दिशा-निर्देश पर करवाया गया। इससे पहले यहां पहुंचने पर हरियाणा कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर, प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति मैंबर परमजीत सिंह मक्कड़, मैंबर राजिंदर सिंह, हरविंदर सिह बिंदू व इंदरजीत सिंह वासूदेवा, मैनेजर हरमीत सिंह, नॉनी मक्कड़ ने बाबा बंता सिंह का स्वागत किया। संगत को नितनेम करने व गुरबाणी की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए बाबा बंता सिंह ने कहा कि अकाल पुरख सर्वोपरि है, वे हर कठिनाई का समाधान कर सकते हैं और वे ही हर प्राणी का जीवन सुखमय बना सकते हैं। इसके उपरांत बाबा बंता सिंह को हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों ने सिरोपा व श्री साहिब भेंट कर उनका सम्मान भी किया। समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने संस्था द्वारा धन-धन श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब बाला प्रीतम जी के गुरता गद्दी दिवस को समर्पित करवाए जा रहे समागम का निमंत्रण भी संगत को दिया। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक धार्मिक समागम गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं में 23 से 25 अक्तूबर तक करवाया जाएगा, जिसमें पंथ के रागी, ढाडी व कविशरी जत्थे संगत को गुरु इतिहास से जोडेंगें। इसके उपरांत देर सायं 7 बजे से लेकर 10 तक भी दीवान सजाए जाएगें। उन्होंने बताया कि समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी बूटा सिंह, कथावाचक भाई रणजीत सिंह, ढाडी जत्था भाई लखविंदर सिंह पारस व भाई जसवंत सिंह बढाना, पंथ प्रसिद्ध भाई अमनदीप सिंह बीबी कोलां जी वाले तथा भाई गुरप्रीत सिंह शिमला वाले संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेंगे।

## विज की 3 जिलों के बस स्टैंडों पर रेड, इंचार्ज सस्पेंड: मंत्री ने दुकानों के बाहर सामान पर अधिकारी लताड़े, बोले-बेईमान को रहने नहीं दूंगा



करनाल सुखविंदर सोही

हरियाणा। में परिवहन विभाग का कार्यभार संभालते ही सोमवार को अनिल विज एक्शन में दिखे। वह अंबाला, करनाल और पानीपत बस अड्डे पर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने अंबाला कैंट बस स्टैंड पर रेड की। यहां बस स्टैंड में दुकानों के बाहर रखा सामान देखकर विज भड़क गए। उन्होंने पहले दुकानदारों को लताड़विज ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी संबंधित अधिकारियों को बस स्टैंड की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए गए। मंत्री विज ने बस स्टैंड पर अनियमितताओं की जांच कराने के भी निर्देश दिए हैं।जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। इस पर विज ने दुकानदारों को सख्त लहजे में फटकार लगाई और तुरंत अपने सामान को हटा लेने के आदेश दिए। बुकिंग काउंटर बंद मिलने पर भड़के विज इसके बाद उन्हें बुकिंग काउंटर बंद नजर आया। उन्होंने रोडवेज कर्मचारी से पूछा कि यह बुकिंग काउंटर बंद क्यों है। कर्मचारी को विज ने लताड़ लगाई और कहा- अंदर जा। इसके साथ विज ने बस स्टैंड के अंदर बनाई गई रसोई का भी जायजा लिया। जहां पर उन्हें कुछ अनियमितताएं देखने को मिलीं। जिसके बाद उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को रसोई से खाद्य सामग्री का सैंपल भरने के निर्देश जारी कर दिए।मंत्री बोले- अनिल विज नाम है मेरा पत्रकारों से बातचीत में अनिल विज ने कहा कि मैं तो एक कार्यकर्ता हूं। सरकार ने दायित्व दिया है। मैं तो देखने निकला था कि क्या हो रहा है और अब देख लो कि बस स्टैंड पर क्या हो रहा है। बस स्टैंड पर जो दुकानें बनाई गई हैं उतनी ही दुकान बाजार में बनाने के लिए मां-बाप की सारी जिंदगी निकल जाती है। बस स्टैंड पर किसी अफसर को खुश करो और।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए शास्त्री नगर पार्क में पौधारोपण



पार्क में पौधरोपण करते कॉलोनीवासी।

दुग्गल, कुरुक्षेत्र : पर्यावरण संरक्षण के लिए रविवार की सुबह शास्त्री नगर पार्क में पौधरोपण किया और पौधों के संरक्षण के संकल्प लिया। शहर की वाह फाउंडेशन ने शहर को हरा भरा बनाने की मुहिम शुरू की है। इसी के तहत वाह फाउंडेशन की टीम ने शास्त्री नगर निवाससियों के सहयोग से रविवार की सुबह पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वाह फाउंडेशन की पहल पर पर्यावरण संतुलन के लिए लोग अब जागरुक हो रहे हैं। वहीं कुछ लोग पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधा रोपण करके दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की सुबह गुलाब के पौधे लगाए गए। वाह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसबीर ने कहा कि हम लगातार पेड़ों को काट रहे हैं, लेकिन पौधे नहीं लगाते हैं। इसी का नतीजा है कि पर्यावरण प्रभावित हुआ है, जिसका खामियाजा आज हमें भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में सभी को कम से कम एक पौधा लगाना और उसका संरक्षण करना जरूरी है। पौधे लगाकर ही प्रकृति से हम जुड़े रह सकते हैं। प्रकृति की छांव में रहेंगे तो सुखी रहेंगे, लेकिन पेड़ काटकर इस छांव से वंचित होकर हम खुद ही मुसीबतों को दावत दे रहे हैं।

# विधायक जगमोहन आनन्द से सिखों के शिष्ट मण्डल ने रखी अपनी मांग-अंग्रेज सिंह पन्नु

करनाल। सुखविदर सोही

करनाल। सिक्खों के करनाल जिले के शिष्टमण्डल ने एडवोकेट अंग्रेज सिंह पन्नु की अगुवाई में नवनियुक्त विधायक जगमोहन आनन्द से उनके निवास पर मुलाकात की और फुलमालाओं से नवनियुक्त विधायक का स्वागत किया और करनाल से उनकी शानदार जीत पर बधाई दी लगभग 45 मिनट तक शिष्टमण्डल के साथ सिक्ख समुदाय की मांगो पर चर्चा की गई इस के तहत शिष्ट मण्डल से अंग्रेज सिंह पन्नु ने नवनियुक्त विधायक सिख समाज की मांगो को लेकर 5 सुत्रीय मांगों को लेकर उनको एक पत्र भी सौंपा जिसके तहत नम्बर 1 हरियाणा में पंजाबी भाषा के विकास व प्रसार नम्बर 2 गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबीयों के मामले पर ठोस कानून बनाने, 3 दस गुरु साहिबानो के इतिहास पर युनिवर्सिटीयों में चेयर स्थापित करने, 4. सिकलीगर सिक्ख व गरीब सिक्खों के उत्थान के लिए योजना बनाने, 5 सिक्ख शहीदों के इतिहास को हरियाणा शिक्षा बोर्ड में शामिल करने बाबत मांगे रखी गई। इस पर नवनियुक्त विधायक जगमोहन आनन्द शिष्ट मण्डल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगो को लेकर हरियाणा के लोकभावी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से बात करेंगे तथा उन्होंने कहा कि सिख समुदाय ने इस देश का बचाने के लिए व धर्म की रक्षा के लिए बहुत बड़ी कुर्बानियां दी हैं जिसे भुलाया नहीं जा सकता। सिक्खो के इतिहास की वजह से भारत का इतिहास सर्वणिम व विश्व विख्यात हुआ है । इस मौके पर नवनियुक्त विधायक जगमोहन आनन्द ने शिष्टमण्डल को आश्वासन दिया कि करनाल के अन्दर सिख संगत की भावनाओं को सर्वपरि रक्खा जायेगा और सिक्ख संगत की सेवा के लिए मैं हमेशा एक सेवादार होने के नाते सिख संगत की सेवा के लिए तत्पर रहुंगा। इस मौके पर शिष्ट मण्डल की ओर से कहा गया कि इण्टरनैशनल सिक्ख काऊंसिल व इंडियन सिक्ख काऊंसि।

# रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील के 15वें दिवाली मेले में डीजे किंग अजय हुड्डा ने बांधा समां







लाडवा में आयोजित दिवाली मेले में मयंक चंचल ग्रुप को रनर अप ट्रॉफी देते अतिथि व क्लब सदस्य, (मध्य) लाडवा में आयोजित दिवाली मेले में मुख्यातिथि अंकित पंजेटा को सम्मानित करते क्लब सदस्य तथा (दाएं) लाडवा में आयोजित दिवाली मेले में गाने गाकर समां बांधते डीजे किंग अजय हुड्डा। (डिम्पी)

लाडवा, अक्तूबर : लाडवा की शिवाला रामकुण्डी में रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब की ओर से मुख्य प्रायोजक स्टडी एम्पायर और अन्य सहयोगियों मिगलानी स्वीट्स, जीआरएम फूड्स व बालाजी कम्प्यूटस के सहयोग से 15वां विशाल दिवाली मेला लगाया गया। पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने बताया कि 15वां विशाल दिवाली मेले में विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाई गई व बच्चों के लिए डांस

### रोटरी खुद समाजसेवा की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है : अंकित पंजेटा

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में जे आर डी क्रू फरीदाबाद विजेता रहा व साईंग्रेस इंटरनेशनल स्कूल ने रनर अप ट्रॉफी हासिल की। वहीं सीनियर ग्रुप डांस में आर रोर क्रू फरीदाबाद ने विजेता व मयंक चंचल ग्रुप ने रनर अप ट्रॉफी जीती। डांस प्रतियोगिता के पश्चात सुप्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार डीजे

### कल्लो, कौन कहै बहु काले की व म्हारी गाल में एक पटोला तू पर थिरके लोग

किंग अजय हुड्डा ने अपने हरियाणवी ग्रुप के साथ कल्लो, कौन कहै बहु काले की, म्हारी गाल में एक पटोला तू, छम छम बोले के बोले तेरी तागड़ी व लाम्बा लाम्बा घूंघट जैसे हरियाणवी गानों पर प्रस्तुति से समां बोंधा तो लोग थिरकने पर मजबूर हो गए। रोटरी की ओर से आयोजित 15वे दिवाली मेले में स्टडी एम्पायर के निदेशक अंकित पंजेटा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं समाजसेवी राजेश मिगलानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व नगरपालिका के पूर्व प्रधान नरेन्द्र सिंघल व मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं रोटरी प्रधान नरेश गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि अंकित पंजेटा ने कहा कि लोग सरकार व कानून से ज्यादा सामाजिक संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को ज्यादा तवज्जो देती है व रोटरी खुद समाजसेवा की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। क्लब की ओर से सभी अतिथियों व प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लक्की ड्रा भी निकाला गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार कलर प्रिंटर गोकुल गर्ग, द्वितीय पुरस्कार मिक्सर जूसर राजेश सरदाना व तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रेस जसकीरत सिंह को प्रदान की गई। मंच का बेहतरीन संचालन अमित सिंघल व अरुण करुड़वाल ने किया। मौके पर रोटरी प्रधान नरेश गर्ग, विकास सिंघल, राकेश खुराना, सुनील गर्ग, रोट्रैक्ट प्रधान इशांत गर्ग, चिराग मेहता, सार्थक गोयल, इन्नरव्हील प्रधान शैवी गर्ग, दीपक सिंघल, विशाल मित्तल, भूपिन्द्र सिंह, रविकांत गिरधर, डा. अमृत गर्ग, अंकुर गुप्ता, डिंपल गुम्बर, गौरव गोयल, मानव गर्ग, अनुभव मिगलानी, गौरव गंभीर, रीमा गर्ग, शिवम मलिक, राजेश वर्मा, अश्वनी गोयल, अमित कंसल, संजीव जिंदल, अरुण सैनी आदि मौजूद थे।

### थानेसर के विधायक बोले : किसी भी कीमत पर कार्यकताओं का नहीं होने देंगे उत्पीड़न

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करने से बाज आए पुलिस : अशोक अरोड़ा



थानेसर के नवनिर्वाचित कांग्रेसी विधायक अशोक अरोड़ा पंजाबी धर्मशाला में कार्यकर्ता की बैठक को संबोधित करते हुए।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : थानेसर से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक अशोक अरोड़ा ने अपनी जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि जिन विपरीत परिस्थितियों में कार्यकताओं ने जी-तोड़ मेहनत कर-के कांग्रेस को विजय दिलवाई है, उसके लिए वे कार्यकताओं को सैल्यूट करते हैं। अशोक अरोड़ा पंजाबी धर्मशाला में हल्का थानेसर के कार्यकताओं का आभार जताने के लिए बुलाई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनादेश को चोरी किया है। पूरे प्रदेश में और थानेसर हल्के में कांग्रेस की लहर चल रही थी, परंतु अप्रत्याशित चुनाव नतीजे आने से सारी जनता हैरान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने ईवीएम में सेटिंग करके जनादेश को चोरी किया है। अरोड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने गुंडागर्दी की, वह शर्मनाक है।

चुनाव से कुछ दिन पहले बाहरी गुंडे वाहनों के काफिले में लोगों को धमकाते घूमते रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उल्टे कांग्रेसी कार्यकताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

**कार्यकताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : अरोड़ा :** थानेसर से विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि पुलिस दबाव के कारण कांग्रेसी कार्यकताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर रही है । उन्होंने इस मामले को लेकर एसपी से बातचीत की थी। अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने एसपी को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि वह पूर्व भाजपा विधायक सुभाष सुधा से एक ही बार में लिस्ट लेकर कांग्रेसी कार्यकताओं पर मुकदमे दर्ज कर ले।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन दबाव में काम कर रहा है। किसी भी कीमत पर कार्यकताओं का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा।

### डीएपी खाद के लिए मारे मारे घूम रहे हैं किसान : अरोड़ा

**विधायक अशोक अरोड़ा** ने कहा कि स्वयं को किसान हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार के राज में डीएपी खाद की बड़ी कमी है। गेहूँ की बिजाई का सीजन शुरू हो चुका है। किसान डीएपी लेने के लिए मारे मारे फिर रहे हैं। उन्हें ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं बिजाई के सीजन को देखते हुए सरकार को डीएपी का पहले इंतजाम करना चाहिए था, लेकिन भाजपा सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है।

### एकजुट होकर लड़ेंगे नगर परिषद का चुनाव : अशोक अरोड़ा

**थानेसर विधायक** अशोक अरोड़ा ने कहा कि अब कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर नगर परिषद का चुनाव लड़ेंगे और नगर परिषद चुनाव में भी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूर्ण रूप से संगठित है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के लिए कार्य करेंगे। अरोड़ा ने कहा कि नगर परिषद में व्यापक भ्रष्टाचार है। उसे दूर करने के लिए नगर परिषद के चुनाव में जीत हासिल करके सुधा परिवार का कब्जा छुड़वाया जाएगा।

### कानून व्यवस्था का पिट चुका दीवाला : अरोड़ा

**अशोक अरोड़ा** ने कहा कि जिस प्रकार से इस्माईलाबाद में कांग्रेसी नेता के पिता हरबिलास महल को सरेआम गोलियों से उड़ा दिया गया है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। कुरुक्षेत्र जिले में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। अपराधियों के हौसले बुलंद है और उन्हें पुलिस का खौफ नहीं है।

## पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर प्रतिबंध, केवल ग्रीन पटाखे चलाने की छुट समय सीमा तय



राजेश जोगपाल।

दुग्गल, कुरुक्षेत्र : जिलाधीश एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिला की सीमा में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रदूषण फैलाने वाले कारकों की पहचान कर सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन इन नियमों का पालन करते हुए प्रदूषण नियंत्रण में सहभागी बनने का आहवान किया है। जिलाधीश एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव और सरकार से प्राप्त निदेर्शों की अनुपालना में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 और विस्फोटक अधिनियम, 1884 में नीहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुरुक्षेत्र की सीमा में 22 अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 तक की अवधि के लिए ग्रीन पटाखों को छोडकर और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडने. और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। हरित पटाखे फोडने. की इस प्रकार होगी समय-सीमा जिलाधीश एंव उपायुक्त राजेश जोगपाल ने जारी आदेशों के मुताबिक दिवाली पर्व और श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर दो घंटे और क्रिसमस व नव वर्ष पर केवल 35 मिनट आतिशबाजी की जा सकेगी। इस दौरान भी केवल ग्रीन पटाखे जलाए जा सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से प्रदूषण की समस्या को ध्यान में रखते हुए पटाखों की बिक्री, बनाने और उनके इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी गई है। प्रदूषण को बढ़ावा देने में पटाखों की भी अहम भूमिका है। वायु प्रदूषण के कारण श्वसन और हृदय रोग जैसी कई बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। दिवाली के दिन या किसी अन्य त्योहार जैसे गुरु पर्व आदि पर दो घंटे रात 8 से 10 बजे तक आतिशबाजी कर सकेंगे। वहीं, क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर रात 11.55 से 12.30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी। वहीं फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि ई-कॉमर्स कंपनियां पटाखों के किसी भी आनलाइन आर्डर को स्वीकार नहीं करेंगी। आदेशों का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 की सुसंगत धाराओं के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ये टीमें रखेंगी निगरानी जिलाधीश एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को नियमित रूप से वायु गुणवत्ता की निगरानी करने और सर्वोच्च न्यायालय व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेर्शों के अनुसार संबंधित वेबसाइटों पर डाटा अपलोड करने के आदेश दिए हैं। जिलाधीश ने पुलिस अधीक्षक,डीएमसी, सभी एसडीएम, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, डीसीपी, ईओ/ सचिव नगरपालिका समितियां, सभी पुलिस थाना प्रभारी, अग्निशमन अधिकारी और अन्य अग्निशमन कार्यालय के कर्मचारियों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही बुंदेलखंड की कृषि: मंत्री

## कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का हुआ शुभारंभ

## कुलपति बोले- बुंदेलखंड प्राकृतिक खेती का उत्कृष्ट क्षेत्र बनेगा

■ बांदा

कृषक हितैसी तकनीकियो का विकास बड़े ही कठिन मेहनत से होता है। वैज्ञानिकों के द्वारा किये गये शोध व क्षेत्र पर प्रयोग के बाद ही तकनीकी का प्रसार किया जाता है। कृषि विश्वविद्यालय की ओर से प्राकृतिक खेती पर किये जा रहे शोध व प्रयोग सराहनीय है। इसका प्रसार कृषकों तक हो सके इसके लिये वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। पूर्व में यहां की मृदा अनुउपजाऊ व जंगली बबूल से आच्छादित थी, जिसे निर्देशित कर सफाई करके खेती के कार्य में लिया जा रहा है। यहां पर उत्पादित हो रहे खजूर, ड्रैगन फूड, चिरौंजी के पे? कृषक भाइयों को देखना चाहिए और इसे अपनाना चाहिए। बुन्देलखण्ड में अन्ना प्रथा के समस्या के दृष्टिगत पशु चिकित्सा महाविद्यालय व पशु उपचार केन्द्र से पशु पालक लाभान्वित होंगे। जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति में भी बदलाव आयेगा। आज हम कह सकते हैं कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र किसी भी मायने में पिछ?ा नहीं है। यह बात कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कृषि विवि में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले को संबोधित करते हुए कही।






मुख्य अतिथि कृषि मंत्री ने विवि परिसर में कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस प्राकृतिक, जैविक एवं शुष्क खेती परियोजना के अन्तर्गत बकरी, मुर्गी फार्म के शेड व दुग्ध परीक्षण प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। श्री शाही ने कहा कि यह विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से शिक्षा के साथ-साथ शोध और प्रसार पर अच्छा कार्य कर रहा है, इसके लिये कुलपति के साथ-साथ सभी बधाई के पात्र हैं। किसानों को एक समय अन्तराल पर बीज का बदलाव अधिक उत्पादन के लिए करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि व अध्यक्ष, गौ सेवा आयोग, उप्र श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि खेती को टिकाऊ तभी बनाया जा सकता है। किसानों से अनुरोध किया कि खेत पर मे? व किसान खेत में तथा घर पर गौ माता अवश्य रखना चाहिए। आने वाली पी?ी को हम बीमार मृदा न देकर जायें। श्री गुप्ता ने गाय के महत्व एवं उससे प्राप्त गोमूत्र का कृषि में उपयोग को विस्तारपूर्वक बताया। राजेश सिंह सेंगर, सदस्य, प्रबन्ध परिषद्, बीयूएटी ने बताया कि यह विश्वविद्यालय कृषकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां पर उत्पादित फसलों, फलों व सब्जियों को कृषक अवश्य देखें व वैज्ञानिकों से संवाद स्थापित करें। कुलपति प्रो. नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि

दो दिवसीय किसान मेला में बुन्देलखण्ड के कई जिलों के किसान गेहूँ, चना, मसूर व सरसों की उन्नतशील प्रजातियों के बीज क्रय किये हैं। विश्वविद्यालय निरन्तर कृषक हितैसी तकनीकियों के विकास में लगा है। प्रसार की अन्य विधियों से हमारे विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक कृषकों तक पहुँच रहे हैं। यह विश्वविद्यालय किसानों के खेती में होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करता रहेगा। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार, प्रो. एनके वाजपेयी ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। प्रो. बाजपेयी ने दो दिवसीय किसान मेले में आये विभिन्न जिले के कृषकों स्टाल धारकों के बारे में विस्तार से बताया। दो दिवसीय किसान मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसमें स्टॉल लगाने के लिए प्रथम पुरूस्कार आशियाना बायो एनर्जी, गुरूदेव ट्रैक्टर्स इफको को क्रमशः द्वितीय और तृतीय पुरूस्कार मिला। फसल प्रतियोगिता में देव सिंह, राठ, फल प्रतियोगिता में नन्द किशोर जैतपुरा व सब्जी प्रतियोगिता में राम सेवक पिथौराबाद ने प्रथम पुरूस्कार प्राप्त किया। पशु प्रतियोगिता में सीताराम को देशी गाय श्रेणी में, रामपाल को भैंस श्रेणी में, बलबीर को प?िया श्रेणी में, रंजीत कुमार को वयस्क बकरी श्रेणी में, सतेन्द्र को मध्यम बकरी श्रेणी में तथा शुशील बाजपेयी को उतककृष्ठ भैंसा पालने के लिये प्रथम पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाँदा एवं आस-पास जिलों के कृषकों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। पुरूस्कार के रूप में कृषकों को सरसों और चना के बीज तथा पशु पालकों को पशुपालन से सम्बन्धित सामग्री भेंट की गयी।

मेले में बुन्देलखण्ड के सभी 07 जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्रों के मार्गदर्शन में लगभग 7000 किसानों एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। आज भी मेले में तकनीकी सत्र का संचालन किया गया जिसमें वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर संवाद किया। कार्यक्रम में धन्यवाद् ज्ञापन सह निदेशक प्रसार, डा0 नरेन्द्र सिंह द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन डा. बीके गुप्ता, डा. धीरज मिश्रा, व डा. जगन्नाथ पाठक ने किया।

# छत के ऊपर बने कमरे में भड़की आग, सामान खाक

## जौहरपुर के मजरा लंकापुरी में हुआ अग्निकांड




■ बांदा

जौहरपुर ग्राम पंचायत के लंकापुरी माजरा डेरा में अज्ञात करण के चलते छत के ऊपर बने कमरे में रविवार की दोपहर आग लग गई। इससे घर में रखा एक लाख कीमत का सामान जल गया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के जौहरपुर मजरा लंकापुरी निवासी रोशन सिंह पुत्र बब्बू सिंह के मकान पर छत के ऊपर बने कमरे के छप्पर में अज्ञात कारण चलते आग धड़क उठी। घर वालों ने आग की लपटों को देखकर शोर मचाया। दमकल को सूचना दी गई। रविवार की दोपहर आग लगने से कमरे में रखा गेहूं, चावल, तिल, सहित हजारों की संपति जलकर राख हो गई थी। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह परमार ने बताया कि घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत व ग्रामीणों ने समरसेबल चलकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कमरे में रखा सामान जल गया।

## मिशन शक्ति: महिलाओं और बालिकाओं को नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



**तिंदवारी।** रविवार को मार्केट के बबेरू तिराहे पर मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत 112 का नुक्कड़ नाट्य का आयोजन किया गया, जिसमें उप निरीक्षक रोशनी सेंगर व श्रीमंत महाजादू नाट्य लखनऊ एनजीओ की सदस्य गरिमा सिंह द्वारा नुक्कड़ नाट्य का मंचन किया गया। आपातकालीन 112 नंबर की विस्तृत जानकारी दी गई। बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, जैसे आपात कालीन सेवा 112, महिला पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 आदि से अवगत कराया। वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध और उनसे बचने के बारे में जानकारी दी। साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 से अवगत कराया। महिलाओं से उनकी समस्याएं पूछीं गई । कस्बा मार्केट में अनावश्यक रूप से घूम रहे लड़कों को चेक किया गया । हिदायत देकर छोड़ा गया। मार्केट में एसिड व मिठाई की दुकानों को चेक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक शिवाजी मौर्य, उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, महिला कांस्टेबल प्रियंका पाण्डेय, प्रशांत यादव, शिवम सिंह व महाजादू नाट्य लखनऊ एनजीओ संस्था की सदस्य गरिमा सिंह , शरद, रजनीश, अमन, अजय मौजूद रहे।

# साफ्टवेयर अपडेट बनी मुश्किल, बैंक शाखाओं में सेवाएं धड़ाम

■ नरैनी

आर्यावर्त बैंक शाखा का सॉफ्टवेयर अपडेट होने की वजह से बैंक की शाखाएं लगभग एक महीने से धड़ाम है क्षेत्र के आधा दर्जन बैंक प्रभावित है। सैकड़ों खाताधारक बैंक से वापस लौट रहे है। जानकारी के अनुसार आर्यावर्त बैंक में पहले सेवन फिनैकल सॉफ्टवेयर चलता था अपडेट करने बाद फिनैकल टेन सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा है जिसको लेकर एक महीने बैंक के कामकाज ठप्प है अपडेट होने की वजह से बैंक में जमा , निकासी, निफ्ट के अलावा अन्य कार्य ठप्प है ।

तहसील क्षेत्र के आर्यावर्त बैंक, करतल, नहरी, सढ़ा नरैनी, जमवारा, गुढ़कला, पड़मई, सहित आदि बैंक प्रभावित है । साथ ही अचानक सर्वर एक एक घंटे गायब हो जाता है जिससे लोगो की जमा , निकासी भी नही हो पा रही है दूरदराज से आए लोग अपने खाते से रुपया निकालने के लिए आते है सर्वर न होने के कारण वापस लौट जाते है। अपडेट होने में नया खाता, केवाईसी, चेक बुक, सहित आदि कार्य प्रभावित है जिसकी वजह से क्षेत्र के कई सैकड़ा खाता धारक परेशान है । क्षेत्र के खाताधारक रामदीन, मेवालाल, पहलाद, संतोष, महेश, लालाबाबू, राजाराम, नत्थू, छेदीलाल, सहित सैकड़ों धारकों ने आर्यावर्त बैंक अधिकारियों से तत्काल व्यवस्था सुधार किए जाने की मांग किया है।

# नई इमारत में महिला अस्पताल के शिफ्ट होने से पुरानी बिल्डिंग बनी शोपीस

## महिला अस्पताल की पुरानी इमारत का इस्तेमाल न होने से घुस जाते हैं जानवर

■ महोबा

महिला जिला अस्पताल की नई इमारत बन जाने के बाद महिला अस्पताल की पुरानी इमारत धूल चाट रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसका इस्तेमाल न किए जाने और दरवाजे खि?की न लगवाने के कारण चारो तरफ से आवारा लोग घुस आते हैं। इमारत का इस्तेमाल न किए जाने से अस्पताल की इमारत बेकार होती जा रही है। अक्सर जानवर महिला अस्पताल की पुरानी इमारत घुस जाते हैं और गंदगी फैलाते हैं।



गौरतलब है कि पांच साल पहले महिला जिला अस्पताल नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया था, तबसे पुरानी बिल्डिंग बिना खिड़की, दरवाजों के पड़ी है। न तो इमारत में साफ सफाई और पुताई कराई गई और न ही उसमें दरवाजे, खिड़की का इंतजाम किया गया, जिससे अक्सर जानवर घुस जाते हैं। हालत यह है कि खिड़की दरवाजों की जगह छूटी होने के कारण तमाम लोग खिड़की की जगह से भी अंदर घुस जाते हैं। आज कल महिला अस्पताल की पुरानी इमारत में सन्नाटा पसरा रहता है।

लाखों रुपये की लागत से बनाई गई इमारत में दो दशक तक महिला जिला अस्पताल संचालित होता रहा, जिसमें प्रसव कक्ष, ओपीडी, ओटी बना हुआ है, लेकिन नई इमारत में महिला अस्पताल शिफ्ट होने से पुरानी बिल्डिंग का विभाग द्वारा इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है और न ही जिला अस्पताल के हवाले की गई है, जिससे पुरानी बिल्डिंग शोपीस बनकर रह गई है। महिला अस्पताल का सारा स्टाफ, फर्नीचर व अन्य सामग्री नई इमारत में पहुंच गई हैं। जिस महिला अस्पताल की पुरानी इमारत बेमतलब साबित हो रही है।

# करवा चौथ पर सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत

## चांद का दीदार होने के बाद महिलाओं ने पति के हाथ पानी पीकर खोला व्रत

■ महोबा

सुहाग पर्व करवा चौथ का त्योहार बुधवार को मनाया गया। जहां पर सुहागिनों ने बाजार में खरीददारी करने के बाद सज संवारकर और व्रत रखकर चांद देखने के लिए छतों और आंगन में सूर्य डूबते ही पहुंच गई और चांद के दीदार करने का इंतजार करने लगी। चांद नजर आते ही महिलाओं ने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत को खोला। करवा चैथ के प्रति सुहागिनों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। निर्जला व्रत रखने के बाद भी महिलाएं सारा दिन कामकाज और सजने और संवरने में जुटी रहीं।

करवा चैथ का त्योहार हिंदू रीति रिवाजों में कई मायनों में महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। बुधवार को महिलाएं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए सुबह से ही निर्जला व्रत रखा और रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर ही अपना व्रत खोला। करवा चैथ को लेकर शहरों और कस्बों के बाजारों में काफी रौनक देखी गई। करवाचौथ के लिए करवे, कपड़े, गहने, चूड़ियां और अन्य सामान की खरीदारी की गई है साथ ही तमाम महिलाएं आज भी ब्यूटी पार्लर से सजकर घर पहुंची। करवा चौथ पर्व पर सामान्य मिट्टी के करवे की तरह और कई डिजाइन के करवे मुख्य रूप से पसंद किए गए। त्योहार पर सैकड़ों की संख्या में बाजार से करवे खरीदे गए। करवा बेचने के लिए सुबह से बच्चे बाजार में शाम तक डटे रहे। सुहागिन महिलाओं ने पति की सुख समृद्धि और लम्बी आयु की कामनी की।


**उमंगेश्वर ज्योतिरलिंक के मुख्य पुजारी (शिवकिशारे पांडेय)-** कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि बुधवार के दिन सुहागिन महिलाओं का खास पर्व करवा चौथ मनाया, विवाहित महिलाओं को करवा चौथ व्रत का काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन सुहागिने अपने पति की लंबी उम्र व वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखती है। यह व्रत सूर्योदय से शुरू होता है और शाम को चांद निकलने तक रखा जाता है। चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पति के हाथों से पानी पीकर ही महिलाएं इस व्रत को खोलती है। सुहागिन महिलाएं करवा चौथ के दिन चैथ माता,करवा माता, और गणपति जी की पूजा करती है और चंद्रोदय के बाद चंद्रदेव को अर्घ्य देती है।

महिलाओं द्वारा परिवार की महिलाओं के साथ गणेश जी और चैथ माता की कथा सुनी और चौथ माता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, इस दौरान चौथ माता की ज्योत देखकर आरती कर पकवानों का भोग लगाया गया। पूजा में मिट्टी और चीनी के करवे की भी पूजा कर सुहाग की वस्तुओं का दान भी किया गया। सुहागिन महिलाओं ने चौथ माता की पूजा-अर्चना के बाद चांद का दीदार कर पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोला। इससे पहले रात्रि में चांद के दीदार के बाद चीनी मिट्टी के करवे की अदला-बदली की गई वहीं सुहागिनें रात को सुहाग की तेरह वस्तु व तेरह करवें कल्प कर उद्यापन किया गया।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेशस्तरीय महिला बालीबाल प्रतियोगिता 23 से

■ चित्रकूट

क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी चित्रकूटधाम मण्डल विजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की प्रेरणा एवं उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ही पहली बार आकाक्षी जनपद चित्रकूट को प्रदेशीय महिला प्रतियोगिता आयोजित करने का उत्तरदायित्व प्राप्त हुआ है। खेल निदेशालय उ0प्र0 के निर्देशानुसार आकाक्षी जनपद चित्रकूट के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 23, 24 व 25 अक्टूबर को प्रदेशस्तरीय महिला बालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी । जिसमें प्रदेश की 18 मण्डलों की उत्कृष्ट चुनी हुये खिलाडी प्रतिभाग करने हेतु आ रहें हैं तथा प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने हेतु 12 टेक्निकल आफिसियल उ0प्र0 बॉलीबाल संघ द्वारा चित्रकूट भेजे जा रहें हैं । प्रतियोगिता की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । बालीबाल में दो कोर्ट भी तैयार हो चुकें हैं। खिलाड़ियों के आने की सूचनायें कानपुर मण्डल, देवीपाटन मण्डल, झांसी मण्डल, अ ा ज म ग ढ मण्डल, चित्रकूट धाम मण्डल की आज तक सूची प्राप्त हो चुकी है शेष टीमों की सूची आ रही हैं। चेयर मैन पंकज अग्रवाल ने चित्रकूट धाम मण्डल की बालिका खिलाडियों को खेल डेऊस उपलब्ध कराई है।



ओलम्पिक संघ अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राकेश चौधरी, तुषार कांत शास्त्री, श्यामसुन्दर यादव, श्रीकेशन, अंगद सिंह यादव, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन आदि का सहयोग रहेगा।

## शस्त्र पूजन और महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

**जसपुरा।** ब्लॉक जसपुरा के अंतर्गत प्रखंड के ग्राम सिकहुला में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा विजय दशमी के उपलक्ष्य में बजरंगदल शस्त्र पूजन व महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्य म आयोजित किया गया। इसमे मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के जिला संयोजक केपी प्रजापति ने कहा कि हर हिंदू के घर शस्त्र होने चाहिए शस्त्र रखना हमारी संस्कृति परंपरा है। महर्षि वाल्मीकि के बारे में विस्तृत सैकड़ों में उपस्थित हिंदू समाज लोगों को बताया और कहा कि हिंदू-हिंदू भाई भाई,बांकी जात कहां से आई, नारा लगाते हुए समस्त हिंदू समाज को एक रहें। कार्य म आयोजक विकास वर्मा , प्रखंड मिलन केंद्र प्रमुख जसपुरा कार्य म का संचालन करा रहे रोहन सिंह, बजरंगदल जिला गौरक्षा प्रमुख बांदा ने कहा धर्म के लिए जिए समाज के लिए जिए सब सभी हिंदु भाई एक हैं। इस बीच उपस्थित प्रखंड संयोजक अतुल , प्रखंड विद्यार्थी संपर्क प्रमुख आशुतोष, प्रखंड गौरक्षा प्रमुख अभय सेंगर , अनुज जी ग्राम प्रधान सुरेन्द्र पाल, ग्राम अध्यक्ष सुखराज वर्मा आदि सैकड़ों हिंदू जन उपस्थित रहा।

# बुंदेली लोककला के नाम रही 'चलचित्रम' की शाम

## जित्तू खरे की राई और रूद्रांश के रश्मिरथी पाठ ने खूब जमाया रंग

■ महोबा

बुंदेली लोककला को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शहर में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बुंदेलखंड के जाने-माने कलाकारों के साथ नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान किया गया। बुंदेलखंड में ही बनने वाली फिल्मों के लिए कलाकारों का भी चयन किया गया।



शहर के वीर भूमि डिग्री कालेज में शनिवार की शाम चलचित्रम नाम से बुंदेली कलाकारों की चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व नवरस म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद यहां पर दीक्षा-प्रतीक्षा यादव द्वारा आल्हा गायन के जरिए बुंदेलखंड की महिमा का बखान किया गया। कवि पंकज पंडित ने ओजपूर्ण काव्य पाठ से युवाओं में जोश भर दिया। महोबा के नन्हें कलाकार रूद्रांश पचौरी ने खंडकाव्य 'रश्मिरथी' का काव्य पाठ करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बुंदेली कॉमेडियन राजू शुक्ला ने लोगों को खूब हंसाया। बिन्नू रानी और बेबी इमरान के संवाद ने कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। परी गुप्ता के नृत्य को भी लोगों ने खूब सराहा। कलाकार मंगलदीन, चरन सिंह यादव, आयुष तिवारी ने अपनी गायकी से समां बांधा। बादल अली के राम भजन ने परिसर को राममय कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जित्तू खरे ने राई की प्रस्तुति दी। इसमें बेबी इमरान ने नृत्य करके साथ दिया तो मंच एक बार फिर जीवंत हो गया। इस दौरान बुंदेलखंड के विभिन्न हिस्सों से कार्यक्रम में आए सभी कलाकारों, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

**महोबा के लिए अनोखा आयोजन-** चलचित्रम महोबा के लिए अनोखा आयोजन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अटल श्री दीपेंद्र अरजरिया शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर और भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर भूमि डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुशील बाबू ने की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अपर्णा नायक ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक धनेंद्र दीक्षित और सुनील नाहर ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

**बुंदेली सिनेमा को लेकर चर्चा-** इस कार्यक्रम के दौरान सार्थक इंटरटेनमेंट कंपनी द्वारा स्थानीय युवाओं के आडीशन लिए गए। डायरेक्टर एसके प्रसाद के अनुसार बुंदेलखंड में आगामी दिनों में 10 शार्ट फिल्म और वेबसीरीज बनाई जानी हैं। इसके लिए स्थानीय कलाकारों को चुना गया। इसके साथ ही जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त श्रीवास्तव और फिल्म कलाकार संजीव बाबरा ने बुंदेली सिनेमा के भविष्य पर विचार रखे।



नई दिल्ली में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को आनंद विहार का दौरा किया।

# भागलपुर घटना के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : गिरिराज

● भागलपुर,

**केन्द्रीय** मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने रविवार को भागलपुर जिले के सन्हौला में एक मंदिर में कई मूर्तियों के खंडित करने की घटना को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस मामले में संलिप्त दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सिंह ने कहा कि इस मामले में शामिल सभी अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को कहा है। स्थानीय लोगों का विरोध स्वभाविक है। यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच और उन लोगों पर दमनात्मक कार्रवाई होती है तो मुझे रास्ते में ही अपनी यात्रा को छोड़कर सन्हौला आना पड़ेगा। इस मामले में जिस एक व्यक्ति



को पुलिस ने पकड़ा है, उसे विक्षिप्त बताया गया है। यह एक साजिश है और इसकी जांच पड़ताल होनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उनकी हिन्दू स्वाभिमान यात्रा से कांग्रेस तथा राजद के लोग घबरा गए हैं और बिहार में दंगा कराने पर तुले हुए हैं। वे लोग केन्द्र और राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। ऐसे में भागलपुर जिले के सन्हौला की घटना कोई साधारण नहीं है और इसके पीछे कोई तो अवश्य है। इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए और इसके लिए जिला प्रशासन से मांग की गई है। इस बीच भागलपुर जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि सन्हौला की घटना घोर निंदनीय है।



रविवार को कामरूप के डिमू गांव में मिट्टी के दीये बनातीं महिला।

## सार संक्षेप

### हिंदी में डब होगी तमन्ना भाटिया की फिल्म 'ओडेला 2'



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2, हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आयेंगी। चर्चा है कि 'ओडेला 2' को हिंदी में भी डब किया जाएगा। इस फिल्म को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, मुरली शर्मा, वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, फिल्म 'स्त्री 2' में स्पेशल डांस नंबर 'आज की रात' में नजर आयीं थी।

### जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमला, 3 मजदूरों की मौत

**जम्मू-कश्मीर:** गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में रविवार की रात आतंकियों ने गैर-स्थानीय लोगों पर हमला कर दिया। हमले में 3 मजदूरों की जान चली गई। दोनों एक सुरंग प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। हमले में 5 मजदूरों के घायल होने की भी खबर है। उन्हें श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि हमलावरों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। आतंकी हमला जिस क्षेत्र में हुआ है, वह सीएम उमर अब्दुल्ला के चुनाव क्षेत्र गांदरबल विधानसभा में आता है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मैं इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

### अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं कमला हैरिस : डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न? वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे। उन्होंने हैरिस को इतिहास की सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है।

### किसानों के खिलाफ 'तुगलकी फरमान' वापस ले सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़:** कांग्रेस महासचिव व सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को कहा कि हरियाणा सरकार को किसानों के खिलाफ जारी 'तुगलकी फरमान' तुरंत वापस लेना चाहिए। कुमारी सैलजा ने यहां जारी बयान में कहा कि सरकार ने 17 अक्तूबर को शपथ ग्रहण के बाद पहला कदम ही किसान विरोधी उठाया और पराली जलाने पर



एफआईआर के साथ रेड एंट्री कर किसानों को अगले दो सीजन तक एमएसपी पर फसल बेचने से रोकने का आदेश जारी किया जो न केवल तानाशाही है, बल्कि छोटे किसानों की रोज़ी-रोटी पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि वायु प्रदूषण को लेकर इतनी सतर्क और सजग है तो यमुना नदी में जहरीला पानी छोड़ने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं करती? उन्होंने आशंका व्यक्त की कि किसानों को भारतीय जनता पार्टी को को वोट न देने की सजा दी जा रही है।

# इजराइल ने किया बेरूत पर हमला

## ड्रोन अटैक का दिया जवाब, नेतन्याहू बोले- हिजबुल्लाह ने बड़ी गलती की

● नई दिल्ली, एजेंसी

**इजराइली** पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर शनिवार को हुए ड्रोन अटैक के बाद इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली सेना लेबनान में अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चला रही है। हिजबुल्लाह ने भी इजराइल के उत्तरी इलाकों पर कई रॉकेट हमले किए हैं।

नेतन्याहू ने अपने घर पर हुए हमले को हिजबुल्लाह की भारी गलती करार दिया। नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि मेरी हत्या का ये प्रयास हिजबुल्लाह को खत्म करने से नहीं रोक सकता।

हिजबुल्लाह ने नेतन्याहू के होम टाउन सिसेरिया को ड्रोन से निशाना बनाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस हमले की पुष्टि की थी। ढटड ने बताया कि इस हमले में ढट नेतन्याहू का निजी आवास निशाने पर था। हमले के वक्त नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे। ड्रोन सिसेरिया की एक इमारत पर गिरा। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ के मुताबिक लेबनान से इजराइल पर 3 ड्रोन दागे गए। इजराइली फोर्सेस ने 2 ड्रोन को मार गिराया। आईडीएफ ने माना है कि उनका एयर डिफेंस सिस्टम हमले को रोकने में विफल रहा। हम ड्रोन घुसपैठ की जांच कर रहे हैं। इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के



दाहियेह इलाके को तुरंत खाली करने के लिए कहा है। आईडीएफ ने यहां दो इमारतों को टारगेट करने के लिए कहा है। इजराइल ने इन इमारतों को हिजबुल्लाह का ठिकाना बताया है।लिहाजा उन इमारतों के आस-पास रहने वाले लोगों से कम से कम 500 मीटर दूर जाने के लिए कहा है। गाजा के उत्तरी हिस्से के बेइत लाहिया इलाके में इजराइली हमले में 87 लोगों की मौत हो गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अभी भी सैकड़ों लोग मलबे में फंसे हुए हैं। गाजा के सरकारी मीडिया के मुताबिक हमले वाली जगह पर बचाव कार्य जारी है। हालांकि मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गाजा के उत्तरी इलाकों में 16 दिनों से इजराइली सेना ने नाकाबंदी की हुई है। इसकी वजह से भोजन, पानी और दवाओं की सप्लाई कट गई है। वहीं, दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में हुए हमले में भी पांच लोग मारे गए हैं। इनमें चार इंजीनियर और एक कर्मचारी शामिल हैं।

# मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा: यादव

● भोपाल,

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को नवीन तकनीक के नवीनतम हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

डॉ यादव रविवार को यहां 3 ईएमई सेंटर में भूतपूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी हथियारों पर भारतीय सेना की निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी लड़ाकू विमान और हथियार निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है। अब हम सिर्फ युद्ध का जवाब ही नहीं देते बल्कि घर में घुसकर मारते हैं। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की देश भक्ति और समर्पण में वर्तमान सेना की नींव रखी है। जब भी मौका पड़ा आप सभी ने वीरता और शौर्य का परिचय देकर भारतीय लोकतंत्र की रक्षा की है। भारत के साथ और भी देश आजाद हुए थे। लेकिन वर्तमान समय में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र यदि जीवित है तो यह भारतीय सेना के कारण ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा कर लोकतंत्र को जीवित रखा है। उन्होंने भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों के



अविस्मरणीय योगदान के लिए प्रदेश की जनता की ओर से अभिनंदन किया। डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी रहा है। यहाँ सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन हो रहा है। उन्होंने सेना और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि युद्ध एवं सैनिक कार्रवाई में शहीद होने वाले सेना/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के शहीदों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और एक आश्रित को शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति दी जाएगी।

## केईआई इंडस्ट्रीज का 'सुरक्षा ज्योति' लांच

**नई दिल्ली:** केईआई इंडस्ट्रीज़ ने देश भर में बिजलीकर्मियों की सुरक्षा और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से ज्योति सीरीज के अंतर्गत अपना सीएसआर अभियान 'सुरक्षा ज्योति' लांच किया है। इस अभियान के अंतर्गत बिजलीकर्मियों को ई-श्रम कार्ड दिए जाएंगे, जिसके द्वारा उन्हें दुर्घटना बीमा और सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अभियान के अंतर्गत ई-श्रम कार्ड द्वारा पेंशन लाभ की मदद से दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को भी उजागर किया गया है, जिससे बिजलीकर्मियों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिलेगी। कंपनी की निदेशक अर्चना गुप्ता ने सभी बिजलीकर्मियों को अपना परिवार बताया तथा उनके परिवारों की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, आर्थिक कल्याण एवं सुरक्षा की जरूरत पर बल दिया।

## ड्राइवर की छंटनी का पुरजोर विरोध

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर जॉइंट फ्रंट ने बिजली बोर्ड में पिछले 10-12 वर्षों से आउटसोर्स पर कार्य कर रहे 81 ड्राइवर की छंटनी का पुरजोर विरोध किया है और मांग की है कि इस बारे बोर्ड द्वारा जारी किए गए आदेश को तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि जिन आउटसोर्स कर्मियों ने 10-12 वर्ष बिजली बोर्ड में अपने उज्वल भविष्य का सपना देखकर कम वेतन पर लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी और आज उनकी सेवायें समाप्त करना दुर्भाग्यपूर्ण ही नही अपितू उनके साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत दु:खद है कि प्रदेश सरकार यदि आउटसोर्स कर्मियों के हित मे कोई नीति नही बना सकती कम से कम उनको नौकरी से तो नही निकाला जाना चाहिए।

## सारण में क्षत्रिय सम्मान रैली का आयोजन

**छपरा:** बिहार में सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को करणी सेना के नेतृत्व में क्षत्रिय सम्मान रैली का आयोजन किया गया। क्षत्रिय सम्मान रैल इस आयोजन में बिहार, झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीराज चौहान के 34वें वंशज महिपाल सिंह मकराना ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और बाबू वीर कुंवर सिंह राजपूतों की शान थे। जिन्होंने समाज और देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है। आज राजपूत की अपेक्षा होने लगी है। जिसको राजपूत समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। मकराना ने कहा कि राजपूत करणी सेना अपनी पांच मुख्य मांगों को सरकार के समक्ष रखेगी।



रविवार को हैदराबाद में नव विकसित चेरलापल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते केंद्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी।

# एनडीए की जीत जरूरी : शिवराज सिंह

### कहा - रोटी , बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नहीं संकल्प है

● रांची,

**झारखंड** में चुनावी बिगुल बजने और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार घोषित होने के बाद विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की।

इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अटल जी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और सवारने की जिम्मेवारी भी हमारी है।



कहा कि रोटी , बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नही संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम हमारे लिए उपयोगी है।हम सभी को साथ लेकर चलें और एक बड़े लक्ष्य को साकार करें।प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के उम्मीदों को सभी प्रत्याशी जनता की उम्मीद बनाएं। आज जनता पार्टी से आगे है। भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने केलिए तैयार है। कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएं।जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें। कहा कि जनता मोदी जी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है।

# राजस्थान: उपचुनाव में कई शीर्ष नेताओं की साख दांव पर

### उपचुनाव में भजनलाल, गहलोत, बेनीवाल, रोत सहित कई नेताओं की चुनावी साख दांव पर लगी

● जयपुर,

**राजस्थान** में आगामी 13 नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, विपक्ष कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक एवं सांसद हनुमान बेनीवाल, भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के नेता एवं सांसद राजकुमार रोत सहित कई नेताओं की राजनीतिक एवं चुनावी साख दांव पर लगी है।

हालांकि इस उपचुनाव में भाजपा को केवल सलूंबर सीट को बरकरार रखने का दबाव रहेगा जबकि कांग्रेस पर झुंझुनूं, देवली-उनियारा, दौसा और रामगढ़ सीटों को बरकरार रखने का दबाव होगा। इसी तरह खींवसर से रालोपा एवं चौरासी से बाप को अपनी सीट को बरकरार रखने का दबाव होगा। ऐसे में उपचुनाव में कांग्रेस पर अपनी सीटें जीतने का दबाव अधिक रहेगा मगर भाजपा के सत्ता में होने के कारण उस पर जीत का दबाव अन्य पार्टियों से ज्यादा रहेगा। भाजपा के नेताओं का कहना है कि इस उपचुनाव में उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं हैं लेकिन अगर उनकी सत्ता में होते हुए भी वे उपचुनाव नहीं जीतते हैं तो यह उनकी राजनीतिक साख में गिरावट होगी और इससे राज्य सरकार की साख भी प्रभावित होगी। उपचुनाव में प्रदेश के मुखिया के नाते मुख्यमंत्री श्री शर्मा, प्रदेश में भाजपा के मुखिया श्री मदन राठौड़, प्रभारी के रुप में श्री अग्रवाल, भाई के चुनाव मैदान में होने से कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा, अलवर से सांसद होने के नाते केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत की राजनीतिक एवं चुनावी साख दांव पर है। इसी तरह कांग्रेस के नेता गहलोत की पार्टी के वरिष्ठ नेता होने एवं डोटासरा की प्रदेश कांग्रेस के मुखिया, रंधावा की प्रदेश प्रभारी होने तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर जिले से होने, झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला, दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश मीणा की चुनावी साख दांव पर है। कांग्रेस के इन नेताओं के अलावा पायलट की भी इस उपचुनाव में राजनीतिक साख दांव पर है क्योंकि दौसा उनका गृह जिला आता है और वह टोंक से विधायक भी है।

इसके अलावा नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की भी खींवसर में उपचुनाव के कारण उनकी राजनीतिक साख दांव पर है। खींवसर में उनका और उनके परिवार का वर्ष 2008 से लगातार राजनीतिक दबदबा कायम है वहीं डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत की भी चौरासी उपचुनाव के कारण राजनीतिक साख दांव पर लगी है।



रविवार को झारखंड के गिरिडीह में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन।

संपादकीय

# हवा हुई खराब

> कहा जा रहा है कि इन दिनों दिल्ली के लोगों को सांस लेने में और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्या दिल्ली वासी पूरे साल अच्छी हवा में सांस लेते हैं?

अक्टूबर बीतते-बीतते हर साल की तरह इस साल भी वायु प्रदूषण पर बहस शुरू हो गई है। सर्दी शुरू होने से पहले राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा ऐसे ही सामने आता है, जैस हर साल कोई त्योहार आता हो। बहस-मुबाहिसा होता है, आरोप-प्रत्यारोप लगते हैं। गुजरते वक्त के साथ वायु प्रदूषण का मुद्दा एक साल तक के लिए ठंडे बस्ते में चला जाता है। वायु प्रदूषण दिल्ली के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए परेशानी का सबब है, खासतौर से महानगरों में। दिल्ली की हवा खराब हो चुकी है। इसका ठीकरा एक बार फिर पराली पर फोड़ा जा रहा है। ऐसा लगता है, जैसे पराली का का धुआं पूरे पंजाब और हरियाणा को बाईपास करके सीधा राजधानी के लोगों को परेशान करने के लिए आता है। पराली जलाने से कुछ समय के लिए वायु प्रदूषण में इजाफा होता है, इससे इंकार नहीं, लेकिन सिर्फ पराली पर ठीकरा फोड़ना कहां तक सही है? क्या लाखों वाहन, कारखानों की धुआं उगलती चिमनियां, करोड़ों एसी वायु प्रदूषण नहीं फैलाते? पराली जलाने वालों पर सरकार सख्त है, लेकिन उद्योगों के धुएं पर सरकारें मौन रहती हैं। क्या किसान आसान टारगेट हैं इसलिए? क्या उद्योगों के मालिकों से सरकार डरती है? राजधानी में स्थानीय कारक हवा को प्रदूषित करने के जिम्मेदार हैं। वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में बरकरार है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में दिल्ली के लोगों को सांस लेने में और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्या दिल्ली वासी पूरे साल अच्छी हवा में सांस लेते हैं? सवाल यह भी है कि आखिर दिल्ली वालों की सांसों की ही क्यों परवाह है? क्या इसलिए कि दिल्ली राजधानी है और वहां राजनेता निवास करते हैं? देश के दूसरे शहरों की वायु की गुणवत्ता कितनी भी खराब हो जाए, उस पर कभी हायतौबा नहीं मचती। दिल्ली की हवा खराब होते ही सबकी हवा खराब क्यों होने लगती है? जरूरत इस बात की है कि सिर्फ दिल्ली की ही नहीं, पूरे देश की हवा साफ रहे। लेकिन ऐसा होता नहीं है। कारखानों से निकलने वाला धुआं फिजा को हवा-हवा रखता है। दिवाली आने वाली है। पटाखों से और ज्यादा वायु प्रदूषण बढ़ेगा। सुप्रीम कोर्ट कई साल से पटाखे न चलाने का आदेश दे रहा है, लेकिन हर दिवाली पर पटाखो चलाने का नया रिकॉर्ड बन जाता है। पटाखे भी एक तरह से धर्म का हिस्सा हो गए हैं। अगर कोई दिवाली पर पटाखे न चलाने की नसीहत देता है, तो उसे हिंदू विरोधी बता दिया जाता है।

पाठकवाणी

## नशे की गिरफ्त में एमपी

**भारत** का हृदय स्थल मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में विगत दिनों नशे की बुरी नजर लगी है। करोड़ों की एमडी ड्रग्स पकड़े जाने की खबर से चिंतनीय परिस्थिति निर्मित हो गई। प्रदेश के अन्य नगर, महानगर भी जांच पड़ताल और छापेमारी में सुर्खियों में हैं। अहमदाबाद में बड़े खुलासे के तौर पर स्कूली बच्चों में भी कोकीन की लत होन की आहट सुनाई देती हैं। अहमदाबाद में किशोर युवाओं को ड्रग्स लत लगाने के चौकाने वाले केस सामने आया है। 10 में पढ़ रहे दो किशोरों का है जिनके यूरिन टेस्ट में कोकीन के अंश मिले। अब सवाल उठता है की इन्हें मादक पदार्थ कौन दे रहा था? नेशनल सर्वे आन एक्स्टेंट एंड पैटर्न आफ सेब्सटेंट इन इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार देश में 10 से 75 आयु वर्ग के 16 करोड़ लोग नशे के शिकार हैं। कुछ भी हो, हमें प्रदेश को नशा मुक्त प्रदेश बनाना होगा। शिक्षा के दहलीज में नशे प्रवृति को रोकने के लिए कारगर रणनीति तैयार करनी होगी, नशा प्रवृति से बचने के लिए बच्चों और उनके इर्द गिर्द माहौल के प्रति जागरूक रहना होगा। बच्चों की ट्यूशन, कोचिंग संस्थान और स्कूल से आने जाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें जिम्मेदार बनकर बच्चों की गतिविधियों पर भी ध्यान देना होगा। क्या हम हमारे हरे भरे शांति प्रिय प्रदेश को नशा मुक्त करने में जिम्मेदारी निभाएंगे?

–**योगेश जोशी**, बड़वाह, मध्य प्रदेश

कुछ खास



जब सुबह सोकर उठता हूं तो गुड मॉर्निंग सर के मैसेज आते हैं। और 10 बजे रात को गुडनाईट, प्लीज अच्छे से सो जाएं। जो लोग पांच साल से सलाम का जवाब नहीं देते थे, आज सुबह शाम सलाम करते हैं। वक़्त बदलते देर नहीं लगती।

–**उमर अब्दुल्ला**, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री

आज का ट्वीट



''जब कांग्रेस केंद्र की सत्ता में थी, तब हम गांधी परिवार के खिलाफ खुलकर बोलते थे। लेकिन कांग्रेस ने बदले की भावना से किसी शिवसेना नेता पर ईडी और सीबीआई की कार्यवाही नहीं की।''

–**उद्धव ठाकरे**

साइबरवर्ल्ड

## न्याय की मूर्ति का रंग कैसा हो?

**सुप्रीम** कोर्ट में न्याय की देवी की नई मूर्ति लगाई गई है। जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई मूर्ति की खासियत यह है कि इसकी आंखों पर पट्टी नहीं बंधी है। परंपरागत मूर्ति की तरह इसके एक हाथ में तराजू तो है, पर दूसरे हाथ में तलवार की जगह भारत का संविधान है। सांकेतिक रूप से देखा जाए तो नई मूर्ति साफ संदेश दे रही है कि न्याय अब अंधा नहीं है। वह संविधान के आधार पर काम करता है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह मूर्ति माननीय चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर लगाई गई है। इसके पहले भूटान के जेएसडब्ल्यू लॉ स्कूल में आयोजित दीक्षांत समारोह में बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपनी विरासत के बारे में चिंता जताते हुए कहा था, 'जैसे-जैसे मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है, मेरा मन भविष्य और अतीत के बारे में भय और चिंताओं से बहुत अधिक घिरा हुआ है। मैं खुद को इस बारे में सोचते हुए पाता हूं। क्या मैंने वह सब हासिल किया जो मैंने करने का लक्ष्य रखा था? इतिहास मेरे कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा? क्या मैं कुछ अलग कर सकता था?' शायद कुछ अलग करने की इसी चाह में माननीय सीजेआई ने अंग्रेजों के समय से स्थापित न्याय की देवी के रूप को परिवर्तित किया है। ऐसा करके माननीय सीजेआई इतिहास में अमर हो गए हैं। नई न्याय की देवी की आंखों पर अब पट्टी नहीं रहेगी। बाकी सब तो ठीक है, लेकिन न्याय की देवी की नई मूर्ति भी पुरानी मूर्ति की तरह ही सफेद रंग की होगी, बस यही बात मुझे खटक रही है। सफेद रंग की पुरानी न्याय की देवी की मूर्ति ग्रीक संस्कृति से उधार ली गई है। ग्रीक संस्कृति में देवी थीमिस को न्याय की देवी माना गया है जबकि सनातन संस्कृति में न्याय की देवी नहीं बल्कि देवता हैं जोकि भगवान शनिदेव हैं। मेरा माननीय सीजेआई, डीवाई चंद्रचूड़ जी से आग्रह है कि वह इस मूर्ति के स्थान पर न्याय के देवता भगवान शनिदेव की मूर्ति को स्थापित करवाएं या फिर इस मूर्ति को ही सनातन संस्कृति के अनुरूप भगवा रंग में रंग दें। ताकि वह अपने मकसद और संदेश को आमजन तक पहुंचाने में पूरी तरह से सफल हो सके। जय हिंद।

–**हयात उमर** की फेसबुक वॉल से

# प्रियंका गांधी के सामने कौन?



शाहीन सबा

> वायनाड से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के फैसले के बाद सोशल मीडिया समेत राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई थी कि इस सीट से भाजपा किसे उम्मीदवार बनाएगी। चर्चा ये भी थी कि बीजेपी तेज ऽतर्रार नेता स्मृति ईरानी को वायनाड सीट से उतार सकती है।

कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड सीट से उपचुनाव में उतारने का ऐलान कर दिया। अब तक खुद को चुनाव प्रचार तक सीमित रखने वाली प्रियंका अब पहली बार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगी। प्रियंका अब अगर अपनी पहली चुनावी बाधा को पार कर लेती हैं तो संसदीय इतिहास में यह ऐतिहासिक क्षण होगा। यदि प्रियंका गांधी वायनाड से लोकसभा उपचुनाव जीत लेती हैं, तो यह पहली बार होगा कि जब गांधी-नेहरू परिवार से मां, बेटा और बेटी एक साथ संसद में होंगे। सोनिया गांधी इस समय राज्यसभा सांसद हैं तो राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। हालांकि इससे पहले कई बार इस गांधी-नेहरू परिवार के कम से कम 2 सदस्य एक समय में संसद में रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान उनके दामाद फिरोज गांधी लोकसभा सांसद रहे थे। फिरोज गांधी पहले 1952 में फिर 1957 में रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इस दौरान पीएम नेहरू भी लोकसभा सांसद (फूलपुर सीट) थे। इंदिरा गांधी पहली बार 1964 में राज्यसभा की सदस्य बनने के साथ अपने संसदीय करियर की शुरूआत की थी। जबकि उन्होंने 1967 में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता था।



1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी सांसद चुनी गईं थीं, तब उनके बेटे संजय गांधी भी अमेठी सीट से लोकसभा सांसद चुने गए थे। संसद में पहली बार गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी सांसद बनी थी। लेकिन कुछ महीने बाद एक विमान हादसे में संजय की मौत हो गई। ऐसे में यहां पर कराए गए उपचुनाव कराया गया। संजय गांधी के बड़े भाई राजीव गांधी ने 1981 में अमेठी सीट पर हुए उपचुनाव में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की और लोकसभा पहुंचे। तब इंदिरा गांधी भी लोकसभा सांसद थीं और उनके बेटे भी सांसद चुने गए थे।

फिर साल 2004 में गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी फिर से संसद पहुंची। सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद चुनी गईं और उनके बेटे राहुल गांधी ने अमेठी से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करते हुए अपनी पहली चुनावी बाधा पार की। फिरोज और इंदिरा की दूसरी संतान संजय गांधी का परिवार भी लगातार राजनीति में बना हुआ है। संजय की पत्नी मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी की जोड़ी भी संसद में 3 बार बनी रही। वरुण गांधी ने अपने चुनावी करियर की शुरुआत 2009 में पीलीभीत सीट से चुनाव जीतकर की। तब आंवला सीट से मेनका गांधी से सांसद चुनी गई थीं। 2014 में वरुण सुल्तानपुर से सांसद बने तो मां मेनका पीलीभीत से लोकसभा पहुंचीं। 2019 में वरुण पीलीभीत से तीसरी बार सांसद चुने गए तो मेनका ने सुल्तानपुर से जीत हासिल की।

हालांकि 2024 में मेनका कड़े संघर्ष के बाद चुनाव हार गईं, जबकि उनके बेटे को बीजेपी ने मैदान में नहीं उतारा था। दूसरी ओर, 2004 से लेकर अब तक सोनिया और राहुल के रूप में मां-बेटे की यह जोड़ी संसद में बनी हुई है। लेकिन इस समय सोनिया लोकसभा की जगह राज्यसभा की सदस्य हैं।अब ठीक 20 साल बाद 2024 में मां-बेटे की यह बेमिसाल जोड़ी एक कदम आगे बढ़ाते हुए अपने साथ एक बेटी को भी शामिल करने जा रही है।

अब 19 नवंबर को वायनाड का उपचुनाव होने जा रहा है। कांग्रेस ने प्रियंका की चुनाव लड़ने की विधिवत घोषणा भी कर दी है। उपचुनाव में अगर प्रियंका जीत हासिल करती हैं तो सोनिया गांधी के परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद में दिखेंगे तो मेनका के परिवार का कोई सदस्य संसद में नहीं दिखेगा। पर इन सब बातों में एक पेंच भी है। वायनाड से प्रियंका को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस इस जीत को आसान समझ रही है, पर भाजपा इतनी आसानी से वाक ओवर भी नहीं देने वाली। भले ही गांधी परिवार का साउथ से भी पुराना रिश्ता रहा है। इंदिरा गांधी 1978 का उपचुनाव कर्नाटक के चिकमगलूर से जीतीं थीं। इसके बाद 1980 में इंदिरा ने आंध्र के मेडक सीट से जीत हासिल की। 1999 में सोनिया गांधी ने भी अपना राजनीतिक करियर दक्षिण से किया था। वे 1999 में अमेठी और कर्नाटक की बेल्लारी सीट से चुनाव लड़ी थीं और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में बेल्लारी सीट उन्होंने छोड़ दी थी

वायनाड से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के फैसले के बाद सोशल मीडिया समेत राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई थी कि इस सीट से भाजपा किसे उम्मीदवार बनाएगी। चर्चा ये भी थी कि बीजेपी तेज तर्रार नेता स्मृति ईरानी को वायनाड सीट से उतार सकती है। भले ही स्मृति ईरानी इस बार अमेठी से केएल शर्मा के सामने लोकसभा चुनाव हार गई हों, लेकिन 2019 में वे कांग्रेस के गढ़ अमेठी से राहुल गांधी को हरा चुकी हैं। ऐसे में भाजपा उन्हें इस सीट से उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना सकती है।

गौरतलब है कि भाजपा टिकटों को लेकर पहले भी चौंकाने वाले फैसले करते आई है। 1999 में जब सोनिया गांधी के बेल्लारी से डेब्यू करने की बात सामने आई थी, तब बीजेपी ने इस सीट से सुषमा स्वराज को टिकट देकर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया था। सुषमा ने इस सीट पर सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि, वे इस चुनाव में हार गई थीं। सोनिया गांधी को 414000 वोट मिले थे। जबकि सुषमा स्वराज ने साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोट हासिल किए थे। सोनिया गांधी इस चुनाव में करीब 56000 वोट से चुनाव जीत पाई थीं।

एक चर्चा में माधवी लता का भी नाम आ रहा था। भाजपा की उस पर भी नजर रह थी पर आखिरकार भाजपा ने वायनाड सीट से केरल की तेज तर्राट स्थानीय महिला नेता नव्या हरिदास को अपना प्रत्याशी बनाया है। नव्या हरिदास (39) कोझिकोड कॉरपोरेशन में दो बार पार्षद रह चुकी हैं और बीजेपी की पार्षद दल की नेता हैं। वह बीजेपी महिला मोर्चा की राज्य महासचिव भी हैं। वह 2021 के केरल विधानसभा चुनाव में कोझिकोड दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी की उम्मीदवार थीं, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार अहमद देवर कोविल से हार गई थीं। जानकर लोगों को कहना है कि नव्या के स्थानीय होने का उसे फायदा भाजपा मिल सकता है ।

नामांकन दाखिल करने के बाद एक टीवी चैनल से खास बातचीत में नव्या हरिदास ने वायनाड क्षेत्र की जरूरतों पर जोर दिया। उन्होंने कहा ₹वायनाड के लोगों को प्रगति की जरूरत है। कांग्रेस परिवार वास्तव में वायनाड के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर रहा है। इस चुनाव से वायनाड के निवासियों को एक बेहतर सांसद की जरूरत है जो उनकी समस्याओं का समाधान कर सके। साथ ही हरिदास ने स्थानीय समुदाय की चिंताओं को प्राथमिकता देने वाले प्रतिनिधि की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे प्रशासनिक अनुभव है। मैं केरल में दो बार पार्षद के रूप में चुनी गई हूं। मैं लोगों की सेवा कर रही हूं। भाजपा ने नव्या हरिदास को प्रियंका के सामने मैदान में उतारकर जाता दिया है कि वह प्रियंका को आसानी से वाक ओवर नहीं दे सकती।

अमृतवाणी

## जोत से जोत



**एक** आदमी बड़े ही धार्मिक भाव से रोज संध्या को दीपक जला कर अपने घर के आगे रखने लगा। लेकिन पड़ोस के लोग उसके दिए को उठा कर ले जाते या कुछ लोग तो उसे बुझा भी देते थे। लेकिन दीपक जलाने वाला अपने उसी नियम से रोजाना दीपक जलाता रहा। ना तो वह प्रकाश करने की कोई घोषणा करता था और ना ही अपने दीपक का कोई प्रचार करता था। क्योंकि उसे यह मंजूर नहीं था कि उसके ही घर के सामने कोई भी अंधेरे में ठोकर खाए। इसलिए वह निरंतर ही प्रकाश का दीया प्रकाशित करता रहा। आखिर धीरे-धीरे लोगों को बात समझ में आनी शुरू हो गई। अंधेरे रास्ते पर राहगीरों को दूर से ही प्रकाश में दिखाई पड़ने लगा। वही प्रकाश राहगीरों को कहने लगा कि आ जाओ, यह रास्ता सुगम है। यहां प्रकाश है, यहां अंधेरा नहीं है; रास्ते की ठोकरें साफ नजर आती हैं। धीरे-धीरे प्रकाश में साफ ही नजर आने लगा कि मार्ग किधर है और किधर नहीं है। कुछ समय पाकर उस प्रकाश के प्रति गांव के लोगों में आदर भरना शुरू हो गया। फिर सभी लोगों ने अपने-अपने घरों के आगे दीपक जलाने शुरू कर दिए। फिर उस नगर कमेटी के प्रबंधकों ने भी नगर में प्रकाश की व्यवस्था को सुचारु करने का काम शुरू कर दिया था। फिर सारे नगर में ही प्रकाश फैल गया और धीरे-धीरे पूरी दुनिया ही प्रकाशित होने लगी। श्री सतगुरु देव फरमाते हैं कि गुरमुखों को भी अपने जीवन की दहलीज में सत्संग, सेवा, सुमिरन और ध्यान रुपी दीपक प्रकाशित करने चाहिएं ; ताकि सभी जीव आत्माओं को उनसे प्रकाश मिल सके। परम मित्रों के सहयोग से तुम भी सत्संग की जोत से जोत जगाते चलो।

तीखी नजर

## ऐसी कुर्बानी भारत में नहीं तो कहां?



राजेंद्र शर्मा

यूपी में बहराइच में जो हुआ बहुत बुरा हुआ। बुरा सिर्फ इसलिए नहीं हुआ कि रामगोपाल मिश्र नाम का नौजवान मारा गया, जिसकी कुछ ही महीने पहले शादी हुई थी। बुरा इसलिए भी नहीं हुआ कि सांप्रदायिक दंगे में जान-माल का बहुत नुकसान हो गया, पब्लिक के बीच हिंदू-मुसलमान की खाई चौड़ी हो गयी, सो तो खैर हो ही गयी। बुरा इसलिए भी नहीं कि दंगे की वजह से योगी राज की बदनामी हो गयी। यह सब कुछ नहीं क्योंकि योगी जी अपने उत्तर प्रदेश को तो पहले ही दंगा-मुक्त घोषित कर चुके हैं। जब यूपी ही दंगा-मुक्त है, फिर बहराइच में जो हुआ उसे दंगा और उस पर सांप्रदायिक दंगा कोई कैसे कह सकता है? माने कहने को कोई कह भी सकता है, पर उसे योगी जी नहीं मानेंगे। और जब सांप्रदायिक दंगा माना ही नहीं जाएगा, उसकी वजह से बदनामी का तो सवाल कहां उठता है?


दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के समय, जब हिंदुओं को जुलूस निकालना था, सबसे पहले उन्हें टोका गया कि उन्हें मुसलमानों के इलाके से ही क्यों जुलूस निकालना है? मुसलमानों के इलाके से निकलने दिया गया तो, डीजे पर गाली-गलौज वाले गाने बजाने से रोका गया। फिर मस्जिद के ऐन सामने डीजे पर ऐसे भडकाने वाले गाने बजाने से रोका गया। और सारी रोक-टोक के बाद भी जुलूस ने वह सब कर दिखाया, तो जुलूस के रास्ते पर एक घर की छत पर लगा हरा झंडा नीचे गिराकर, उसकी जगह भगवा झंडा लगाने से रोका गया। पर इस बार पुलिस ने नहीं, उन 'दूसरों' ने रोका, जिनकी मां-बहनों को डीजे के गाने ललकार रहे थे।

डीजे तो मस्जिद के सामने ही बजेगा! दूसरे वाला और जगहों पर भी बज सकता है, पर हिंदू पॉप वाला तो मस्जिदों के सामने ही बजेगा। खुशी के मौके पर संगीत तो चाहिए ही चाहिए। अब प्लीज कोई ये मत कहना कि विसर्जन के मौके पर कैसी खुशी? तो क्या हिंदू अब विसर्जन के मौकों पर मस्जिदों के सामने रोने वाले गाने बजाएं। वैसे योगी जी ने जुलूस वगैरह में डीजे पर रोक लगा रखी है, पर यह रोक कम से कम हिंदू पॉप के लिए तो नहीं ही है। उल्टे योगी जी तो जबर्दस्त संस्कृति-प्रेमी हैं और संगीत प्रेमी भी। उनका भगवा झंडा प्रेम तो खैर जगजाहिर ही है। संगीत और भगवा झंडे के प्रेम के लिए जो भी कुर्बानी लेनी पड़े लेंगे, पर पीछे नहीं हटेंगे।

और हां, जो लोग रामगोपाल मिश्र की शहादत का महत्व घटाना चाहते हैं, वे ही इस तरह की बातें कह रहे हैं कि भगवाइयों ने गरीब रामगोपाल को मरवा दिया? भगवा पार्टी के बड़े-बड़े नेता, अपने बच्चों को क्यों नहीं कभी मस्जिद के सामने डीजे बजाकर नाच कर खुशी मनाने के लिए भेजते? उनके बच्चे विदेशी विश्वविद्यालयों में, गरीब हिंदुओं के बच्चे मस्जिदों के सामने भड़काऊ जुलूसों में! ऐसा कुछ नहीं है बल्कि यह तो गरीबों का सौभाग्य है कि शहादत की देवी को, उन्हीं की कुर्बानियां ज्यादा पसंद आती हैं। ऐसी कुर्बानी के बिना तो वे और भी गरीब रह जाते। कुर्बानियां भारत में ही ज्यादा पसंद आती हैं।

नजरिया

# कौन फैला रहा है सांप्रदायिकता की आग?



तनवीर जाफरी

> अफवाह, सांप्रदायिक तनाव व सनसनी फैलाने की गोया एंकर्स व प्रवक्ताओं को पूरी ट्रेनिंग हासिल है। कई राजनैतिक विश्लेषकों का मत है यूपी 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं, इसीलिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए सब कुछ किया जा रहा है।

भारतीय मीडिया विशेषकर इलेक्ट्रानिक मीडिया इन दिनों जितने निम्नस्तर पर जाकर अपने दर्शकों को उकसा और वरगला कर उनमें धार्मिक उन्माद व नफरत पैदा कर रहा है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ऐसा लगता है कि पिछले दस वर्षों से मीडिया को देश में नफरत फैलाने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की खुली छूट मिली हुई है। झूठी खबरें प्रसारित करना, टीवी एंकर्स द्वारा झूठे ट्वीट करना फिर अपने उसी ट्वीट को डिलीट कर देना, अपनी विचारधारा से मेल न खाने वाले टीवी वार्ता के पैनल्स के सदस्यों को अपमानित करना, उनके साथ गली गलौच करना और यदि वह मुसलमान है तो उसे सीधे तौर पर मुल्ले, कटुवे आतंकवादी, पाकिस्तानी, जिहादी आदि कुछ भी कहकर संबोधित करना बिल्कुल आम बात होती जा रही है। नफरती संस्कारों में परवरिश पाने वाले यह लोग अपने अपनी उम्र व अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि देखे बिना कभी किसी उच्चाधिकारी को अपमानित कर बैठते हैं तो कभी भारत के मुख्य न्यायाधीश तक के प्रति ऐसे अपशब्द अपने मुंह से निकालते हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में महराजगंज क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में शामिल सैकड़ों लोग मुस्लिम बाहुल्य इलाके से डीजे पर तेज आवाज में कुछ आपत्तिजनक गाने बजाते हुए गुजर रहे थे। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने जुलूसों में डीजे के प्रयोग पर पाबंदी लगा रखी है। उसके बावजूद डीजे पर तेज आवाज में धर्म विशेष को अपमानित करने वाले गाने बजाये जा रहे थे। खबर है कि मुसलमानों की तरफ से कुछ लोगों ने डीजे बंद करवाने के लिए कहा, परंतु भीड़ ने डीजे तो बंद नहीं किया परंतु उग्र जरूर हो गई। इसके बाद मुसलमानों के घरों को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ व आगजनी शुरू हो गई। इसी बीच राम गोपाल मिश्रा नामक एक गरीब नव विवाहित युवक जो भंडारों में लंगर बनाने का काम करता है, वह आवेश में एक मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ गया। उसने छत पर इस्लामी प्रतीक के रूप में लगे झंडे को गिराने की कोशिश की जिससे झंडे के साथ ही छत की रेलिंग भी टूट गई। इसके बाद आक्रोशित मुसलमानों की तरफ से गोलीबारी हुई जिसमें राम गोपाल मिश्रा की गोलियां लगने से मौत हो गई।

डीजे पर तेज आवाज में आपत्तिजनक गाने बजना, राम गोपाल मिश्रा का आवेश में आकर किसी मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ना, इस्लामी प्रतीक झंडे को गिराना, हिंसा के लिए भीड़ को उकसाना आदि सब कुछ



गैर कानूनी तो जरूर है, परंतु इनका जवाब गोलीबारी करना या किसी की हत्या कर देना हरगिज नहीं। यह हत्या भी उतनी ही निंदनीय है, जितना भीड़ द्वारा धर्म विशेष के लोगों को हिंसा के लिए उकसाया जाना। परंतु बहराइच की इस हिंसा के बाद जो नफरतपूर्ण भूमिका टीवी चैनल्स, इनके नफरती एंकर्स, यहां तक कि इस विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने वाले पक्षपाती पैनल्स द्वारा अदा की गई, उसे देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं को मुख्यधारा का मीडिया बताने वाला यह नेटवर्क दरअसल देश में अमन शांति व सद्भाव का पैरोकार नहीं, बल्कि देश को नफरत व हिंसा की आग में झोंकने के लिए दिन रात एक किए हुए है। सबसे बड़ा नफरती खेल इस गैर जिम्मेदार मीडिया व सोशल मीडिया द्वारा राम गोपाल मिश्रा की मौत के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर खेला गया, जिससे जलती आग में और घी डाला जा सके और दंगों को पूरे प्रदेश व देश में फैलाया जा सके। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि राम गोपाल के शरीर में कई छर्रे लगे, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। परंतु मीडिया चीखता चिल्लाता रहा कि मृतक राम गोपाल पर तलवारों से हमला किया गया, उसके नाखून खींचे गए, उसे करंट लगाया गया उसकी लाश के साथ बर्बरता की गई आदि। इन अफवाहों के बाद बहराइच पुलिस को स्वयं सामने आना पड़ा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की सच्चाई को अपने एक्स हैंडल से जारी करते हुए अफवाहों से दूर रहने व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करने की अपील करनी पड़ी।

एक टीवी चैनल पर इसी विषय पर आधारित एक परिचर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व एडीजी पी विभूति नारायण राय जब अपने जीवन के लगभग चार दशक के आईपीएस के रूप में अपनी सेवा के अनुभव के अनुसार अपनी बात कह रहे थे उसी समय भाजपा का एक प्रवक्ता साफतौर पर यह कहता सुनाई दिया कि मैं धर्मनिरपेक्ष नहीं हूं, बल्कि मैं केवल हिंदू हूं। उसके बाद उसने विभूति नारायण राय के प्रति भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया, जबकि वह प्रवक्ता शायद उम्र के मामले में राय साहब की उम्र से आधा भी नहीं होगा। स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताने वाला परिचर्चा का वही प्रतिभागी एक मुस्लिम राजनैतिक विश्लेषक को सरेआम मुल्ले, आतंकवादी कहकर व गंदी गालियां देकर बुला रहा था। अफवाह, सांप्रदायिक तनाव व सनसनी फैलाने की गोया इन एंकर्स व प्रवक्ताओं को पूरी ट्रेनिंग हासिल है। वैसे भी कई राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि चूंकि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं, इसीलिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए ही कुंठाग्रस्त लोग अपने कटु विमर्श के द्वारा देश की फिजा खराब करने में जुटे हुए हैं।

# न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर बनाई बढ़त

## विल यंग नाबाद 48 और रचिन रविंद्र नाबाद 39 ने पहुंचाया लक्ष्य तक



● बेंगलुरु,(वार्ता)

**रचिन** रविंद्र की शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से हरा दिया हैं। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है और उसे 12 अंक हासिल हुये और वह डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में छठे से चौथे स्थान पर पहुंच गई।

शनिवार को भारत को 462 के स्कोर पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड को 107 रनों का लक्ष्य मिला। खराब रोशनी के कारण शाम को आगे का खेल नहीं हो पाया था। रविवार सुबह के सत्र में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के टॉम लेथम (शून्य) और उसके बाद डेवन कॉन्वे (17) को पगबाधा आउट मैच में वापसी की उम्मीद जगाई थी। लेकिन उसके बाद बल्लेबाजी करने आये विल यंग और रचिन रविंद्र ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। विल यंग (नाबाद 48) और रचिन रविंद्र (39) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 27.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड को 36 साल पर भारत में टेस्ट मैच में जीत मिली है। दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले रचिन रविंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले सरफराज खान और ऋषभ पंत के शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 462 रन बनाकर शानदार वापसी की। सरफराज ने परिपक्वता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए शानदार (150) रन बनाए, जबकि ऋषभ पंत ने विस्फोटक (99) रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया मगर वह शतक से चूक गए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 150 रनों की साझेदारी हुई थी। भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाये थे। भारत की पहली पारी मात्र 46 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में रचिन रविंद्र (134),डेवन कॉन्वे (91) और टिम साउदी (65) की शानदार पारियों के दम पर 402 रन का स्कोर खड़ाकर 356 रनों की बढ़त बना ली थी।



इससे पहले 356 रन से पिछड़ने के बाद टीम इंडिया ने अच्छी शुरुआत की थी । टीम के टॉप-5 बल्लेबाज ने स्कोर 400 तक पहुंच दिया था। जब न्यूजीलैंड की टीम ने नई बॉल मंगाई तब टीम इंडिया का स्कोर 400/3 रहा। टीम इंडिया ने दिन के खेल में कोई विकेट नहीं गंवाया था और 169 रन बना डाले थे। सरफराज 146 और पंत 87 रन पर खेल रहे थे। दोनों के बीच 169 रन की साझेदारी भी हो चुकी थी।

लेकिन, 81वें ओवर में नई गेंद के आने के बाद तेज गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की जोरदार वापसी कराई। यहां से भारतीय टीम ने 62 रन बनाने में आखिरी सात विकेट गंवा दिए। सरफराज के 150 और पंत के 99 रन रन के निजी स्कोर पर आउट होने के बाद भारत का मिडिल ऑर्डर बिखर गया। केएल राहुल 12, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा पांच, आर अश्विन 15 रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी और विलियम ओरुर्के ने 3-3 विकेट झटके।

पांचवें और आखिरी दिन न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन चाहिए थे और टीम ने पहले ही ओवर में कप्तान टिम साउदी का विकेट गंवा दिया था। यहां से बुमराह और सिराज की जोड़ी ने दबाव बनाया। 35 के स्कोर पर डेवोन कॉन्वे भी आउट हुए।

लेकिन, भारतीय स्पिनर्स बुमराह और सिराज के दबाव का फायदा नहीं उठा सके। जैसे ही रोहित ने जडेजा और कुलदीप का रुख किया, कीवी बैटर्स आसानी से रन बनाने लगे। भारतीय पेसर्स ने 15 ओवर में 45 रन देकर 2 विकेट निकाले, जबकि स्पिनर्स ने 12.4 ओवर में 60 रन खर्च कर दिए और विकेट भी नहीं ले सके।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगला टेस्ट मैच पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होगा।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 46 रन

न्यूजीलैंड पहली पारी : 402 रन

भारत दूसरी पारी 462 रन

| न्यूजीलैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लैथम पगबाधा बुमराह | 00 | 6 | 0 | 0 |
| डेवोन कॉनवे पगबाधा बुमराह | 17 | 39 | 4 | 0 |
| विल यंग नाबाद | 48 | 76 | 6 | 1 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 39 | 46 | 6 | 0 |

अतिरिक्त : 6 रन

कुल : 27.4 ओवर में 110 पर रन दो विकेट

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रित बुमरा | 8 | 1 | 29 | 02 |
| मो. सिराज | 7 | 3 | 16 | 00 |
| जडेजा | 7.4 | 1 | 28 | 0 |
| कुलदीप | 3 | 0 | 26 | 0 |
| अश्विन | 2 | 0 | 6 | 0 |

विकेट पतन:- 1-0, 2-35 पर

### सुंदर दूसरे-तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल



**नई दिल्ली:** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने रविवार को यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई है। दूसरा मैच 24 अक्टूबर से पुणे में और तीसरा 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

### हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व: रोहित शर्मा



न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज के पहले मैंच में आठ विकेट की हार पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अवार्ड प्रिजेंटेशन में कहा कि हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व दूसरी पारी में हमने अच्छी बल्लेबाजी की। जब आप 350 रनों से पीछे होते हैं, तो बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं कर सकते। हम 350 के अंदर ऑलआउट भी हो सकते थे, लेकिन इसके बाद जो हमने प्रदर्शन किया, उस पर मुझे गर्व है। पंत ने मिच्योर इनिंग खेली, सरफराज को भी इतने कम समय में इतनी मिच्योर पारी खेलते देखना अद्भुत था।'

### अच्छा हुआ हम टॉस हार गये: टॉम लैथम



टेस्ट सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने कहा कि अच्छा हुआ कि टॉस हार गए 'हमने भी सोचा था कि पहले बल्लेबाजी करेंगे। अच्छा हुआ कि टॉस हार गए। हमें पता था कि भारतीय टीम वापसी करेगी और उन्होंने किया भी। दूसरी नई गेंद से हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। ओरूर्क ने बढ़िया गेंदबाजी की। उन्हें नेट्स में खेलना हम लोगों के लिए भी मुश्किल रहता है।'

## सार संक्षेप

### रणजी ट्राफी: आर्यन जुयाल के शतक के बावजूद उत्तर प्रदेश की हालत पतली

**लखनऊ:** आर्यन जुयाल (118 नाबाद) और रिकू सिह (89) के बीच 162 रन की साहसिक भागीदारी के बावजूद रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में उत्तर प्रदेश की हालत हरियाणा के खिलाफ पतली बनी हुयी है। हरियाणा की पहली पारी के 453 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने खेल के तीसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 267 रन बना लिये थे और इस मैच में तीन अंक तलाश रही मेजबान टीम अभी भी हरियाणा की पहली पारी के स्कोर से 186 रन पीछे है जबकि आर्यन के अलावा उसके सभी मान्यता प्राप्त बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके हैं।दिन का खेल खत्म होने के समय कप्तान का साथ देने के लिये शिवम शर्मा 15 रन बना कर क्रीज पर डटे हुये थे। आर्यन को छोड़ दें तो स्वास्तिक चिकारा (21),प्रियम गर्ग (3) और सिद्धार्थ यादव (6) अपने विकेट देने की जल्दी में दिखायी दिये। तीन अहम विकेट मात्र 43 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम खासी दवाब में आ चुकी थी मगर ऐसे कठिन समय में अनुभवी रिंकू ने आर्यन का साथ दिया और दोनो बल्लेबाजों ने स्कोरबार्ड पर 205 रन टांग दिये थे। इस बीच रिंकू जयंत यादव का शिकार बन कर पवेलियन लौट गये।

### तमिलनाडु ने 264 पर छह विकेट झटककर दिल्ली को संकट में डाला

**नई दिल्ली (वार्ता):** तमिलनाडु के गेंदबाजों में रविवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप डी मुकाबले में 264 के स्कोर पर छह विकेट झटक कर दिल्ली को संकट में डाल दिया है। हालांकि इस दौरान यश धुल (नाबाद 103) शतक लगाकर प्रांशु विजयरण (नाबाद छह) के साथ पिच पर टिके हुये है। तमिलनाडु के 674 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत ठीक रही। सनत सांगवान और हर्ष त्यागी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 74 रन जोड़े। वाशिगटन सुंदर ने हर्ष त्यागी 35 को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये यश धुल ने सांगवान के साथ पारी को संभाला। 37वें ओवर में मोहम्मद ने सांगवान (36) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद दिल्ली ने कप्तान हिम्मत सिह (शून्य),जोंटी सिद्धू (4) और मयंक रावत (शून्य) के विकेट आसानी से गवां दिये। प्रणव राजवंशी (40) ने थोड़ा संघर्ष किया लेकिन वो भी अधिक देर तक नहीं टिक सके। नवदीप सैनी (26), हिमांशु चौहान (चार) रन बनाकर ऑउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने के समय दिल्ली आठ विकेट पर 264 रन पर बनाकर संकट में हैं। तमिलनाडु ने छह विकेट पर 674 रन पर पारी घोषित कर दी थी। दिल्ली अभी भी तमिलनाडु के स्कोर से 410 रन पीछे और उसके पास दो विकेट शेष है। तमिलनाडु की ओर से गुरजपनीत सिंह, मोहम्मद मोहम्मद, वाशिंगटन सुंदर ने दो-दो विकेट लिये। सोनू यादव और अजीत राम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया

जोहोर बाहरू, (वार्ता): भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर करके अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। भारत के लिए मोहम्मद कोनैन दाद ने (7वें मिनट), दिलराज सिंह ने (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद तिवारी ने (20वें, 50वें मिनट) और मनमीत सिंह ने (26वें मिनट) के गोल दागे। ब्रिटेन के लिए रोरी पेनरोज ने (दूसरे, 15वें), माइकल रॉयडेन ने (46वें, 59वें मिनट में) गोल किये। जापान के खिलाफ अपने पहले मैच में जीत से आत्मविश्वास से लबरेज युवा भारतीय टीम ने रविवार को शुरूआत में झटका लगा जब खेल के दूसरे मिनट में रोरी पेनरोज ने गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

## भारत बनाम जर्मनी हॉकी सीरीज के लिए टीम की घोषणा

● नयी दिल्ली, (वार्ता)

**हॉकी** इंडिया ने रविवार को विश्व चैंपियन जर्मनी के खिलाफ होने वाली आगामी द्विपक्षीय सीरीज के लिए 22 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी हैं।

भारत और जर्मनी के बीच ये दोनों मुकाबले 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेले जायेंगे। भारतीय टीम की अगुवाई हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद होंगे। चोटिल मिडफील्डर हार्दिक सिंह इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। इस द्विपक्षीय सीरीज में राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लागेट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे। टीम के चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''हम अगले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में जर्मनी से मुकाबले के लिए बहुत उत्साहित हैं। भारत और जर्मनी के बीच हाल के वर्षों में कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही है और हम नयी दिल्ली में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। हमने जो टीम चुनी है, वह अनुभवी है, जिसमें कांस्य पदक जीतने वाली पेरिस ओलंपिक टीम के कई खिलाड़ी शामिल हैं। इस सीरीज के दौरान राजिंदर और आदित्य भी अपना अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के दौरान बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम आज दोपहर बेंगलुरु से नयी दिल्ली पहुंचेगी।

### हॉकी इंडिया ने जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के लिए 22 सदस्यीय का किया चयन

#### जर्मनी के साथ होने वाली द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम

गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा डिफेंडरः- जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरुण कुमार, संजय, सुमित और नीलम संजीव जेस मिडफील्डरः- मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद (उपकप्तान), विष्णु कांत सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, मो. राहील मौसीन, राजिंदर सिंह फॉरवर्ड्स, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे और दिलप्रीत सिंह और शिलानंद लाकड़ा।

## न्यूजीलैंड महिला टीम बनीं टी-20 चैंपियन

### टी-20 विश्वकप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराया

● दुबई, (वार्ता)



**न्यूजीलैंड** की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को 32 रन से हराकर महिला टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबला जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिसके बाद न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 159 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना पाई।

इससे पहले दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में महिला विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद वोलवार्ड ने कहा कि यह मैदान हमारे लिए काफी अच्छा रहा है। इसी लिये हमने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। वहीं न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन वैसे भी पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि हम फाइनल के लिए केवल रन बनाना चाहते है और यह एक शानदार अवसर है।

न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए अमेलिया केर (43) और कैर हेडली (38) की 44 गेंदों में 57 रन की साझेदारी के चलते 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए।

जिसके बाद साउथ अफ्रीका को पहला झटका 51 रन के स्कोर पर लगा। फ्रान जोनास ने 7वें ओवर की 5वीं बॉल पर तजमिन ब्रिट्स को मैडी ग्रीन के हाथों कैच कराया। साउथ अफ्रीका का दूसरा विकेट 10वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। कप्तान लौरा वोल्वाड्ट को अमेलिया केर ने सूजी बेट्स के हाथों कैच कराया। लौरा ने 27 बॉल पर 33 रन बनाए। जिसके बाद लगातार विकेट गिरने के कारण दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बनाए। जिसके बाद न्यूजीलैंड की महिला टीम 32 रन से फाइनल जीत गई।

## दिल्ली ने किया शानदार आगाज, छह विकेट पर 312

### मेरठ के भामाशाह पार्क क्रिकेट मैदान पर चल रही कर्नल सीके नायडू अंडर-23 ट्राफी

मेरठ

**भामाशाह** पार्क के क्रिकेट मैदान पर रविवार से शुरू हुए कर्नल सीके नायडू अंडर-23 ट्राफी के यूपी बनाम दिल्ली के मैच में पहले दिन की खेल की समाप्ती पर दिल्ली ने यूपी के खिलाफ 6 विकेट पर 312 रनों को मजबूत स्कोर बना डाला। पहले विकेट के लिये दिल्ली के ओपनर बैट्समैन अर्पित राणा और प्रियांश की जोड़ी ने 212 गेंदो पर 139 रनों की साझेदारी की। इधर, यूपी के गेंदबाज दिल्ली के खिलाफ दिन के आधे हिस्से तक विकेट लेने के लिये संघर्ष करते नजर आए। यशोवर्द्धन सिंह 3 तीन विकेट हासिल कर यूपी को थोड़ी राहत देने का काम किया।



मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने दिल्ली को पहले बैटिंग के लिये आमंत्रित किया। सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा और नॉन स्ट्राईकर एंड पर आए प्रियांश आर्य पिच के मिजाज को परखने के लिये शुरूआती ओवरों में सधे हाथो से इक्का-दुक्का रन लेकर स्ट्राईक बदलने के साथ ही मौका मिलने पर ढीली गेंदों को सीमा रेखा के पार पहुंचाने का काम किया। जैसे-जैसे दोनो बैट्समैनों की निगाहें जमती गई वह अपने रंग में आते चले गये। पहले सत्र की समाप्ति से ठीक पहले 36वें ओवर की दूसरी गेंद पर अर्पित राणा 114 गेंदों में 61 रनों के निजी स्कोर पर यशोवर्द्धन सिंह की गेंद पर पगबाधा आउट होकर पवेलियन लौटे। इस वक्त टीम को स्कोर 139 रन था। फर्स्ट डाऊन खेलने उतरे सूजल सिंह का साथ मैदान पर मौजूद प्रियांश आर्य भी चार गेंद बाद ही 100 गेंदों में 74 रन बनाकर यशोवर्द्धन सिंह के दूसरे शिकार एलबीडब्लू हो गये, जबकि इधर टीम के स्कोर में एक ही रन का इजाफा हुआ। दिल्ली का तीसरा विकेट 42वें ओवर की दूसरी गेंद पर कप्तान हार्दिक शर्मा के रूप में 142 रनों के कुल योग पर गिरा। उन्हें यशोवर्द्धन सिंह ने आदर्श सिंह के हाथो कैच आउट कराते हुए तीसरी सफलता हासिल की। यहां से अगले 20 ओवरों तक सूजल सिंह और आयुष डोसेजा ने टीम के लिये बेहद सधे अंदाज में खेलते हुए रन गति को आगे बढ़ाने का सिलसिला जारी रखा। सूजल सिंह ने 97 गेंदो पर 45 रनों की पारी खेली। वह चौथे विकेट के रूप में 61.5 ओवर में प्रशांतवीर की गेंद पर शुभम मिश्रा का शिकार बने। पांचवा विकेट आयुष डोसेजा(45) के रूप में गिरा। उन्हें 74वें ओवर की पांचवी गेंद पर प्रशांतवीर की गेंद पर शोएब सिद्दीकी ने कैच आउट किया। विकेट कीपर बल्लेबाज क्रिश यादव छठे बैट्समैन के रूप में कुनाल त्यागी की गेंद पर अराध्य यादव के हाथो विकेट के पीछे लपके गए। मयंक गोसाई 93 गेंद पर 62 और रोनक वाघेला 33 गेंदो में 13 रन बनाकर ाॅट आउट लौटे। पहले दिन के स्टंप तक दिल्ली की टीम ने 92.0 ओवर में 6 विकेट पर312 रन बनाये।

### जोशुआ और एलेमाडिस ने जीता दिल्ली हाफ मैराथन

**नयी दिल्ली, (वार्ता):** यूगांडा के धावक जोशुआ चेप्टेगी और इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने रविवार वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 19वें संस्करण में पुरुष वर्ग तथा महिला वर्ग का खिताब जीता हैं। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी ने 59.46 सेकंड का समय के साथ जीत दर्ज की। वहीं एलेमाडिसा इयायु ने एक घंटे आठ मिनट और 17 सेकंड का समय के साथ महिला वर्ग का खिताब जीता। पुरुष वर्ग में केन्या के एलेक्स माटाटा 59 मिनट 53 सेंकेंड के साथ दूसरे और उनके हमवतन निकोलस किपकोरिर 59 मिनट 59 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में केन्या की सिंथिया लिमो एक घंटा आठ मिनट 27 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इथियोपिया की तिरुये मेसफिन ने एक घंटे नौ मिनट 42 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के सावन बरवाल ने एक घंटा दो मिनट और 46 सेकंड के साथ पुरुष वर्ग और लिली दास ने एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड के साथ महिला वर्ग के खिताब जीते। भारतीय पुरुश वर्ग में पुनीत यादव एक घंटा तीन मिनट 55 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर तथा किरण मात्रे ने एक घंटा चार मिनट 58 सेकेंड के साथ हासिल किया। भारतीय एलीट महिला वर्ग में, लिली दास अपने प्रतिद्वंद्वियों से मीलों आगे रहीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)